बुधवार, 22 जनवरी 2025
**मौसम**
तापमान 28 – 16
आर्द्रता 61%
सूर्योदयः 6:19 सूर्यास्तः 17:18

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा


राहुल से डरती है सरकार, भाजपा-आरएसएस की 'विचाराधारा कायरों की': प्रियंका गांधी -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : मेहनत का फल और समस्या का हल देर से ही सही मिलता जरूर है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्धः गौतम अदाणी (पृष्ठ 6)

कमल का बटन दबाते ही बिजली चली जाएगीः केजरीवाल (पृष्ठ 7)

# समाज अमानवीय व्यक्ति के प्रति मानवीय दृष्टिकोण नहीं अपना सकता : ममता

## आरजीकर मामले के फैसले पर फिर मुख्यमंत्री ने जताई निराशा

**मालदह :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरजीकर अस्पताल में हुई घटना को एक 'दुर्लभ, जघन्य और संवेदनशील अपराध' करार देते हुए कहा कि अगर कोई अपराध करने के बाद बच निकलता है, तो वह दोबारा ऐसा करेगा और उसे संरक्षण देना हमारा काम नहीं है। इस दिन, मालदह में एक जनसभा में ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कोई इतना राक्षसी और बर्बर है, तो समाज मानवीय कैसे रह सकता है?




हमने अपराजिता विधेयक पारित किया, लेकिन केंद्र उस पर कब्जा जमाए बैठा है। हमने उस विधेयक में मृत्युदंड को शामिल किया है और हम चाहते हैं कि यह देश के लिए एक आदर्श बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी को आजीवन कारावास की सजा दी जाती है, तो वह व्यक्ति पैरोल पर रिहा हो सकता है। मैं अधिवक्ता रहीं हूं और मैने कई मामले लड़े हैं। सियालदह अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला नहीं है और मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता। अगर यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला नहीं है तो और क्या है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुर्लभ, संवेदनशील और आरोपी द्वारा किया गया जघन्य अपराध है।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के 5 आरोपियों को फांसी

## कोर्ट ने कहा इस सजा के अलावा कोई विकल्प नहीं

**कोरबा :** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की एक अदालत ने पहाड़ी कोरवा जनजाति की 16 वर्षीय एक बालिका से सामूहिक बलात्कार करने और उसके समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर देने के जुर्म में पांच लोगों को फांसी की और एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश डॉक्टर ममता भोजवानी की अदालत ने 16 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म और उसकी हत्या तथा लगभग चार वर्षीय एक बच्ची और लगभग 60 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के जुर्म में संतराम मंझवार (45), अनिल कुमार सारथी (20), आनंदराम पनिका (26), परदेशी राम (35) तथा अब्दुल जब्बार (21) को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले के अन्य अभियुक्त उमाशंकर यादव (22) को आजीवन कारावास



की सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए कहा है कि अभियुक्तों द्वारा अमानवीय एवं निर्दयता पूर्वक किया गया यह कृत्य अत्यधिक विकृत, वीभत्स, पाशविक एवं कायरतापूर्ण है। मिश्रा ने बताया कि 29 जनवरी 2021 को जिले में लेमरू थाना क्षेत्र के गढ़-उपरोडा गांव में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह कोरवा के एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या का मामला सामने आया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने परिवार की 16 वर्षीय एक बालिका, उसके पिता और लगभग चार वर्षीय भतीजी को जंगल में ले जाकर पत्थरों से कुचलकर मार डाला था तथा इससे पहले उन्होंने 16 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। मिश्रा ने बताया कि पुलिस की जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि मुख्य आरोपी संतराम मंझवार ने 16 वर्षीय बालिका को अपनी दूसरी पत्नी बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। संतराम ने पीड़ित परिवार को अपने यहां काम पर रखा था। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक जब बालिका के परिवार ने मंझवार के प्रस्ताव का विरोध किया तब संतराम ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर तीन लोगों की हत्या कर दी तथा ऐसा करने से पहले उन्होंने 16 वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार किया था।

# सियालदह से पहली मेट्रो पहुंची एस्प्लेनेड, ट्रायल रन सफल

## सियालदह से एस्प्लेनेड के बीच 2.63 किलोमीटर की दूरी, साढ़े 11 मिनट में की तय

**कोलकाता :** कोलकाता में ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के 2.63 किलोमीटर लंबे सियालदह-एस्प्लेनेड खंड पर पहला रेल परीक्षण (ट्रायल रन) मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। कोलकाता मेट्रो रेलवे की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, ग्रीन लाइन की पश्चिम की ओर जाने वाली भूमिगत सुरंग के माध्यम से पहला परीक्षण मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) और कोलकाता मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के अध्यक्ष पी उदय कुमार रेड्डी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। परीक्षण के दौरान महाप्रबंधक मोटरमैन के केबिन में थे। दरअसल, बऊबाजार इलाके से गुजरने वाले सियालदह-एस्प्लेनेड खंड पर भूमिगत सुरंग के निर्माण कार्य के दौरान कई बार काफी अड़चनें आई थी, ऐसे में सफल ट्रायल रन को बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। परीक्षण सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर सियालदह मेट्रो स्टेशन से शुरू हुआ और 11 बजकर 31 मिनट पर एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर पूरा हुआ। करीब साढे 11 मिनट में 2.63 किलोमीटर की दूरी तय की। कोलकाता मेट्रो के जीएम रेड्डी ने सफल परीक्षण के लिए सभी को बधाई दी और एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो रेलवे व केएमआरसीएल अधिकारियों के साथ बैठक की।



इस खंड के शुरू होने के बाद कोलकाता और उपनगरों के लोगों को एस्प्लेनेड भूमिगत मेट्रो स्टेशन के माध्यम से सियालदह और हावड़ा टर्मिनल स्टेशनों से शहर व आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी। एस्प्लेनेड भूमिगत मेट्रो स्टेशन से यात्री मेट्रो बदल सकते हैं।

ईस्ट-वेस्ट मेट्रो का पूरा 16 किलोमीटर लंबा खंड हावड़ा मैदान से साल्टलेक सेक्टर फाइव कारिडोर इस वर्ष के मध्य तक शुरू होने की उम्मीद है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) मार्च के अंत तक लाइन का निरीक्षण करेंगे। खंड पर पूर्ण पैमाने पर परिचालन शुरू करने से पहले यह निरीक्षण एक अनिवार्य कदम है। इस खंड पर फिलहाल मेट्रो सेवाएं सियालदह-एस्प्लेनेड के बीच का हिस्सा छोड़कर दोनों छोड़ से संचालित होती है। इसमें पहले चरण में साल्टलेक सेक्टर-5 से सियालदह तक और दूसरे चरण में हावड़ा से एस्प्लेनेड के बीच मेट्रो सेवा उपलब्ध है। हावड़ा से एस्प्लेनेड के बीच मेट्रो सेवा का पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले मार्च में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया था।

**❑ भूमिगत सुरंग के निर्माण कार्य के दौरान बऊबाजार में कई बार आई थी अड़चनें**

गौरतलब है कि बऊबाजार इलाके से गुजरने वाले सियालदह-एस्प्लेनेड खंड पर भूमिगत सुरंग के निर्माण कार्य के दौरान कई बार अड़चनें आई थी। बऊबाजार में बार-बार पानी के रिसाव और मिट्टी के धंसने से मकानों में दरारें आने के कारण काम रोकना पड़ा था, जिससे परियोजना में काफी देरी हुई। मकानों में दरारें आने के कारण मेट्रो प्रबंधन को कई बार स्थानीय निवासियों को एहतियात के तौर पर घरों से निकालकर होटलों में ठहराना पड़ा था। तमाम बाधाओं के बीच आखिरकार पिछले साल 25 दिसंबर को प्रभावित क्षेत्र में आने वाले सुरंग में मेट्रो ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया था।

# सिंधु जल संधि पर भारत-पाकिस्तान में विवादःतटस्थ विशेष ने भारत के रुख का समर्थन किया

नयी दिल्ली : विश्व बैंक द्वारा नियुक्त एक तटस्थ विशेषज्ञ ने किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ विवादों को सुलझाने के लिए रूपरेखा पर नयी दिल्ली के रुख का समर्थन किया है। भारत जहां मुद्दों का समाधान तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा किये जाने पर दबाव डाल रहा है, जैसा कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत अधिदेशित है, पाकिस्तान इनके समाधान के लिए हेग में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय पर जोर दे रहा है। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 19 सितंबर, 1960 को आईडब्ल्यूटी पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका एकमात्र उद्देश्य सीमापार नदियों से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन करना था। भारत ने तटस्थ विशेषज्ञ, 'इंटरनेशनल कमीशन आफ लार्ज डैम्स' अध्यक्ष माइकल लीनो के फैसले का स्वागत किया है। सोमवार को लीनो ने निर्णय दिया था कि वह दो जलविद्युत परियोजनाओं पर भारत और पाकिस्तान के बीच "मतभेदों के गुण-दोष" पर निर्णय देने के लिए सक्षम हैं।

# ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में 16 माओवादी ढेर, दो जवान घायल




**रियपुर/गरियाबंद :** छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों के एक संयुक्त दल ने मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के एक शीर्ष नेता सहित 16 नक्सलियों को मार गिराया है तथा इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के दो जवान घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद के लिए एक और बड़ा झटका करार देते हुए कहा है कि सुरक्षाबलों ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सोमवार को इसी अभियान के दौरान मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं थीं तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें 14 और नक्सली मारे गए। इसके साथ ही अभियान में मारे गए नक्सलियों की संख्या 16 हो गई है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान माओवादियों की केंद्रीय समिति के सदस्य जयराम उर्फ चलपति के रूप में हुई है, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शेष मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मंगलवार को हुई मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली भी मारी गई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ से सीआरपीएफ का कोबरा बटालियन और ओडिशा से विशेष अभियान दल (एसओजी) के सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल इस अभियान में शामिल है। अधिकारी ने बताया कि ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुल्हाड़ीघाट संरक्षित वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को अभियान शुरू किया गया था।

# ट्रंप ने ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी दी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चेतावनी दी कि अगर ब्रिक्स समूह के देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर की जगह किसी दूसरी मुद्रा को लाने के लिए कोई कदम उठाते हैं तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ब्रिक्स देशों में भारत भी शामिल है। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा, 'अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन हम उनके अमेरिका के साथ व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं।' ट्रंप ने कहा कि अगर ये देश वैश्विक व्यापार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने के बारे में सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जा सकता है। ब्रिक्स दस देशों – रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात – का एक अंतर-सरकारी संगठन है। दिसंबर में भी ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी थी। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था, 'हमें इन देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वर्ना उन्हें 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा और उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपनी बिक्री को अलविदा कहना पड़ेगा।' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिसंबर में कहा था कि भारत कभी भी डॉलर को हटाने के पक्ष में नहीं रहा है और ब्रिक्स मुद्रा लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी संसदीय समिति की दूसरी बैठक 31 जनवरी को

**नयी दिल्ली :** देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति की दूसरी बैठक आगामी 31 जनवरी को होगी। लोकसभा की वेबसाइट पर जारी किये गए कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई है। इस समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को हुई थी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने एक साथ चुनाव के विचार की सराहना की थी, तो विपक्षी सदस्यों ने इस पर सवाल खड़े किए थे। इस 39 सदस्यीय समिति की पहली बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने विधेयकों के प्रावधानों और औचित्य पर विधि और न्याय




मंत्रालय की एक प्रस्तुति के बाद अपने विचार व्यक्त किए तथा सवाल पूछे थे। सभी सांसदों को 18,000 से अधिक पृष्ठों वाले दस्तावेजों से भरा ट्रॉली बैग दिया गया था। इसमें हिंदी और अंग्रेजी में कोविंद समिति की रिपोर्ट का एक-एक खंड और 21 खंडों के अनुलग्नक के अलावा एक सॉफ्ट कॉपी भी रखी गई थी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' पर विचार के लिए संसद की 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया है। भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जद(यू), रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना (उबाठा), राकांपा (एसपी), माकपा, आम आदमी पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एक-एक सदस्य शामिल हैं।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट, निवेशकों के 7.50 लाख करोड़ रुपये स्वाहा

**नई दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी के अगले ही दिन मंगलवार को भारतीय शेयर मार्केट में तूफान आ गया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स जहां 1200 अंक से ज्यादा गिरा तो निफ्टी में भी करीब 300 अंकों की गिरावट आई। शेयर मार्केट में आया यह तूफान निवेशकों के करीब 7.50 लाख करोड़ रुपये ले उड़ा। भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10:30 बजे डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ को 12 घंटे भी नहीं गुजरे थे कि मंगलवार को भारतीय शेयर मार्केट में गिरावट आनी शुरू हो गई। जबकि सुबह शेयर मार्केट हरे रंग के निशान पर खुली थी। अंत में सेंसेक्स 1235 अंकों की गिरावट के साथ 75,838.36 पर और निफ्टी 299.45 अंकों की गिरावट के साथ 23,045.30 पर बंद हुआ।

# डीआरडीओ ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के लिए 'स्क्रैमजेट इंजन' का जमीनी परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 'स्क्रैमजेट कम्बस्टर' का सफलतापूर्वक जमीनी परीक्षण किया है, जिससे हाइपरसोनिक मिसाइलों में अभियानगत उपयोग के लिए इसकी क्षमता का पता चलता है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने लंबी अवधि की सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट संचालित हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने की पहल की है। इसने कहा कि डीआरडीएल ने हाल ही में इन प्रौद्योगिकियों को विकसित किया है और भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक सक्रिय 'कूल्ड स्क्रैमजेट कम्बस्टर' जमीनी परीक्षण का प्रदर्शन किया है। मंत्रालय ने कहा कि सफल जमीनी परीक्षण "अगली पीढ़ी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर" है। हाइपरसोनिक मिसाइल उन्नत अस्त्रों की श्रेणी में आती हैं जो ध्वनि की गति से पांच गुना या 5,400 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चलती हैं। इन उन्नत अस्त्रों में मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों से बचने और तेजी से तथा उच्च प्रभाव वाले हमले करने की क्षमता होती है।

पंचम पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती सरिता पोद्दार
(धर्मपत्नी श्री सुशील पोद्दार)

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

श्रद्धावनत
समस्त पोद्दार परिवार



Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.
INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com
**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
**Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** Toll Free No. **1800 889 1704**

## स्वदेशी खेल में बने विश्व चैंपियन

ब्रिटिश काल में भारत में तमाम ऐसे खेल पनपे जिन्होंने परंपरागत स्वदेशी खेलों को हाशिये पर डाल दिया। एक ओर जहां महंगे खर्च वाले खेलों को तरजीह दी गई, वहीं बिना खर्च के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने वाले खेलों के प्रति हेय भाव जगाया। यही वजह है कि बाजार के खेल में हॉकी, शरीर सौष्ठव के कलात्मक खेल व खो-खो जैसा संपूर्णता का स्वास्थ्य देने वाला खेल अनदेखी का शिकार हुए। यह सुखद ही है कि भारत में पहली बार दुनिया में खो-खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले दिनों पंद्रह जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो-खो वर्ल्ड कप की शुरुआत हुई थी। जिसका समापन उन्नीस जनवरी को हुआ। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से जिस विजय अभियान की शुरुआत की थी, उसका समापन नेपाल के खिलाफ शानदार जीत से हुआ। इस तरह अब भारत महिला व पुरुष वर्ग में पहली वर्ल्ड चैंपियन टीम बन गई है। रविवार को हुए फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चैंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो-खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो-खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था।

निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो-खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम-साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो-खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो-खो भारत में खेला जाने वाला ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये न केवल रणनीति की जरूरत होती है बल्कि मनुष्य के आदर्श गुणों चुस्ती-फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो-खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला। बाकायदा इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिये सलमान खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। अब विश्व कप के आयोजन से इसकी वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। खो-खो फेडरेशन की कोशिश है कि आने वाले वर्षों में इसे एशियाड व ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाए। इस अभियान में सलमान खान के साथ खेल सितारे नीरज चोपड़ा का भी सहयोग मिला है। निस्संदेह, इस खेल को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हालिया विश्वकप की बड़ी भूमिका हो सकती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि आने वाले वर्षों में भारत की मिट्टी से जुड़ा यह खेल वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करेगा। जरूरत इस बात की है कि इस खेल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से दिया जाए। खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक शक्ति को मजबूत करने के लिये पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी विश्व कप, साउथ एशियन गेम्स तथा एशियन चैंपियनशिप में मिली कामयाबी को भारतीय खिलाड़ी भविष्य में होने वाले एशियाड और ओलंपिक के मुकाबलों में दोहरा सकेंगे। भारतीय माटी से जुड़े इस खेल के लिये खिलाड़ियों की तलाश देश के आदिवासी, दूरदराज के क्षेत्रों व पर्वतीय इलाकों में की जाए। फिर उन्हें तराशकर विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार किए जाएं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 जनवरी, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष अष्टमी, 15:16 तक, नक्षत्र : स्वाति, 26:27 तक, योग : शुला, 28:33 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:18 चन्द्रोदय : 24:39, चन्द्रास्त: 11:13, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:48 से 13:09

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा और आप जो भी काम मेहनत और लगन के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। मन लगाकर अपने रुके कार्य पूर्ण करें।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए दिन सम्मान और आर्थिक लाभ से भरा रहेगा। आपको मान-सम्मान मिलेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर घर से निकलें। नौकर-चाकर और सांसारिक सुख में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन आर्थिक मामलों में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले सोचविचार कर लें। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को करियर में भाग्य का साथ मिलेगा। आपका प्रमोशन अगर काफी समय से रुका था वह हो सकता है। आपकी मधुर वाणी से आपको लाभ और तरक्की हासिल होगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को लाभ होगा और आज का दिन के लिए आज का दिन व्यापार में सफलता दिलाने वाला रहेगा। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार बढ़ेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा और आपके अधिकार व जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। शौक पर खर्च बढ़ सकता है। दूसरे लोगों की मदद करने में मन लगेगा। सम्मान मिलेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान लेकर आएगा और आपके लिए तरक्की के भी योग बने हैं। किसी मामले में नुकसान होने की भी आशंका है। अचानक धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए ग्रहों की दशा अनुकूल है और आपको कारोबार के मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। आपका दिन सम्मान से भरा रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन लाभ और सम्मान दिलाएगा। आप जिन काम को पूरा करने के लिए काफी समय से सोच रहे थे वे पूरे हो जाएंगे। बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी।

**मकर :** मकर राशि वालों का दिन शुभ है। उत्साह में वृद्धि होगी। कुछ अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं। रुकी हुई तरक्की मिल सकती है। धन लाभ से खुशी होगी। शाम से रात तक सम्मान मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर में लाभ होगा। सभी काम पूरे होंगे। पैसों के मामले में सावधानी बरतें। शेयर बाजार में निवेश न करें। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**मीन :** मीन राशि वालों को लाभ होगा। ऋण आसानी से मिल जाएगा। नई योजनाएं बनाएं और उन्हें सफल बनाने की कोशिश करें। साहस और पराक्रम से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# क्या अनब्रेकेबल डॉक्यूमेंट्री दिल्ली चुनाव में आप के लिए बन सकती है गेम चेंजर?



अजय कुमार

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी का धन्यवाद किया। इस ट्वीट में केजरीवाल ने ध्रुव राठी की डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल का लिंक शेयर किया, जो आम आदमी पार्टी के संघर्ष को प्रमुखता से दिखाती है। इस डॉक्यूमेंट्री में केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यह दर्शाया गया है कि कैसे सत्ता का दुरुपयोग कर आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, यह भी दिखाया गया कि कैसे सरकार समर्थित फिल्में और अन्य प्रचार सामग्री को बढ़ावा दिया गया, जबकि विरोधी आवाजों को दबाने की पूरी कोशिश की गई। इस डॉक्यूमेंट्री में एक तरह से सत्ता के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया गया और यह दिखाया गया कि कैसे आम आदमी पार्टी के नेता और उनके परिवारों ने पिछले दो वर्षों में भारी संघर्षों का सामना किया।

अरविंद केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद भावुक है। यह हमारे पिछले दो साल के संघर्ष की कहानी है। देश में किसी और पार्टी ने ऐसी साजिशों और पूरे सिस्टम के हमलों का सामना नहीं किया होगा। लेकिन मुश्किल वक्त ही दिखाता है कि हम असल में कौन हैं। उन्होंने ध्रुव राठी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जब पूरी सरकार और राजनीतिक व्यवस्था पार्टी के खिलाफ थी, तब ध्रुव ने इस डॉक्यूमेंट्री को सामने लाने की हिम्मत दिखाई। केजरीवाल ने यह भी कहा कि इस फिल्म ने पहली बार आम आदमी पार्टी का पक्ष दुनिया के सामने रखा है। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील की कि वे इस फिल्म को देखें और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

ध्रुव राठी, जो लंबे समय से केंद्र सरकार और बीजेपी की आलोचना करते रहे हैं, ने अपनी यूट्यूब चैनल पर अनब्रेकेबल डॉक्यूमेंट्री को रिलीज किया। यह डॉक्यूमेंट्री आम आदमी पार्टी के पिछले दो वर्षों के संघर्ष पर केंद्रित है, खासकर उस वक्त पर जब पार्टी के कई प्रमुख नेताओं को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। इन नेताओं में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे। यह वही समय था जब आम आदमी पार्टी को केंद्र सरकार और बीजेपी द्वारा विभिन्न राजनीतिक हमलों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अब ये नेता जमानत पर बाहर हैं और दिल्ली चुनावों में अपनी पार्टी का प्रचार कर रहे हैं। ध्रुव राठी ने इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से लोगों को यह बताने की कोशिश की कि यह एक दस्तावेज है, जो आम आदमी पार्टी के संघर्ष को सही तरीके से प्रस्तुत करता है।

अनब्रेकेबल फिल्म का मुख्य उद्देश्य यह था कि वह उन राजनीतिक हमलों और साजिशों को उजागर करे, जिनका सामना आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं को करना पड़ा। फिल्म में यह दिखाया गया है कि कैसे पार्टी के नेताओं के खिलाफ गलत आरोप लगाए गए और उन्हें जेल भेजने के लिए एक संगठित अभियान चलाया गया। इसके साथ ही यह भी दिखाया गया कि फिल्म की स्क्रीनिंग को कैसे रोका गया, क्योंकि सत्ता इसे जनता तक पहुंचने से रोकना चाहती थी। इस फिल्म में केंद्र सरकार की उन गतिविधियों को भी उजागर किया गया, जो पार्टी और उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए की गई थीं।

अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर पर इस बारे में अपनी बात रखते हुए लिखा, जब पूरा सिस्टम इस फिल्म को रोकने की कोशिश कर रहा था, तब ध्रुव राठी ने इसे दुनिया के सामने लाने की हिम्मत दिखाई। यह फिल्म हमारे संघर्ष और हमारे पक्ष को सही तरीके से पेश करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह फिल्म उस समय की सच्चाई को सामने लाती है, जब सत्ता ने पार्टी के नेताओं को झूठे आरोपों में फंसाया और उन्हें दबाने की कोशिश की। केजरीवाल ने यह भी पूछा कि आखिर क्यों बीजेपी इस फिल्म से इतनी डरी हुई है और इसे क्यों रोकना चाहती है।

दिल्ली पुलिस ने फिल्म की स्क्रीनिंग को रोकते हुए कहा कि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। उनका तर्क था कि राजनीतिक दलों के लिए इस तरह की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक था। पुलिस का कहना था कि यह डॉक्यूमेंट्री चुनावी प्रचार के रूप में मानी जा सकती थी, और इसलिए इसे बिना अनुमति के दिखाना सही नहीं था। इस पर केजरीवाल ने आलोचना की और सवाल उठाया कि अगर फिल्म केवल सच को सामने ला रही है, तो इससे बीजेपी क्यों डर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह फिल्म पार्टी के संघर्ष की कहानी है, जो पूरी तरह से सही और कानूनी है।

ध्रुव राठी ने अपनी डॉक्यूमेंट्री को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने इसे बनाने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि उन्हें लगता था कि आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं को जिन साजिशों और झूठे आरोपों का सामना करना पड़ा, उन पर खुलकर बात की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस फिल्म के माध्यम से वह अपने दर्शकों को यह समझाना चाहते थे कि कैसे सत्ता में बैठे लोग लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करते हैं। ध्रुव राठी ने यह भी कहा कि इस फिल्म के माध्यम से वह लोगों को यह बताना चाहते थे कि कभी भी किसी के खिलाफ खड़े होने से डरना नहीं चाहिए, भले ही सामने कितना भी बड़ा दबाव क्यों न हो।

अरविंद केजरीवाल ने भी इस डॉक्यूमेंट्री के प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और लोगों से आग्रह किया कि वे इसे देखें और इसके संदेश को साझा करें। उनका मानना था कि यह फिल्म न केवल उनकी पार्टी की यात्रा का एक अहम हिस्सा है, बल्कि यह उन लोगों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन सकती है, जो अपनी आवाज उठाने से डरते हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि यह फिल्म एक मजबूत संदेश देती है कि आम आदमी पार्टी कभी भी नहीं टूटेगी और उनका संघर्ष जारी रहेगा।

अब सवाल यह उठता है कि क्या इस डॉक्यूमेंट्री का दिल्ली चुनाव पर असर पड़ेगा? यह फिल्म निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी के प्रचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है, क्योंकि इसमें पार्टी के संघर्ष को प्रमुखता से दिखाया गया है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि इसका चुनाव परिणामों पर कितना असर पड़ेगा, क्योंकि चुनावों में फिल्में और डॉक्यूमेंट्री हमेशा निर्णायक भूमिका नहीं निभातीं। फिर भी, यह कहना गलत नहीं होगा कि अनब्रेकेबल ने अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के समर्थकों के लिए एक नई शक्ति और प्रेरणा का स्रोत प्रदान किया है।

इस डॉक्यूमेंट्री में कुछ ऐसी बातें हैं जो पहले से ही सार्वजनिक रूप से कही जा चुकी हैं, लेकिन फिल्म में उन्हें पेशेवर तरीके से एक साथ प्रस्तुत किया गया है। इसमें पार्टी के नेताओं और उनके परिवारों के अनुभवों को भी शामिल किया गया है, जो उन कठिन दिनों में उन्होंने झेले थे। इसके साथ ही, यह फिल्म लोगों को यह समझने में मदद कर सकती है कि राजनीति में जब किसी को निशाना बनाया जाता है, तो उसे सिर्फ एक राजनीतिक खेल के तौर पर नहीं देखना चाहिए, बल्कि यह लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर हमला हो सकता है।

अनब्रेकेबल फिल्म ने निश्चित रूप से एक नई बहस को जन्म दिया है और यह उन सभी लोगों के लिए एक मजबूत संदेश हो सकती है, जो सत्ता के खिलाफ खड़े होते हैं और सच की खोज करते हैं। फिल्म की रिलीज ने यह दिखा दिया है कि सत्ता के खिलाफ आवाज उठाना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन जब सच्चाई के लिए खड़ा हुआ जाता है, तो वह हमेशा जीतता है। इस फिल्म के जरिए अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने यह साबित करने की कोशिश की है कि वे कभी भी टूटने वाले नहीं हैं और उनका संघर्ष जारी रहेगा, चाहे कोई भी कोशिश क्यों न की जाए।

-उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी



ललित गर्ग

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये।

विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है।



अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है।

ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

## विदेश की खबरें

### वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों के अभियान में छह लोगों की मौत, 35 घायल

**रामल्ला (वेस्ट बैंक) :** इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शहर जेनिन में मंगलवार को बड़े सैन्य अभियान में कम से कम छह लोगों को मार गिराया, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल ने शहर में फलस्तीनी चरमपंथियों के खिलाफ एक 'महत्वपूर्ण और व्यापक सैन्य अभियान' की घोषणा की है। हमास के सात अक्टूबर, 2023 के हमले से गाजा में युद्ध छिड़ने से पहले भी जेनिन में इजराइल ने कई बार सैन्य कार्रवाई की और चरमपंथियों के साथ गोलीबारी भी हुई थी। इजराइल की यह नवीनतम कार्रवाई गाजा में हमास के साथ युद्धविराम के कुछ ही दिनों बाद हुई है। छह सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा की गई है। इस दौरान इजराइल द्वारा कैद किए गए सैकड़ों फलस्तीनियों के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए 33 लोगों को रिहा किया जाएगा। इजराइल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा और पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया था। फलस्तीनी इन तीनों क्षेत्रों को मिलाकर एक अलग राष्ट्र चाहते हैं।

### ट्रंप ने ट्रांसजेंडर संरक्षण वापस लेने के वादे को पूरा करते हुए शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कुछ शासकीय आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सुरक्षा वापस ले ली गई और संघीय सरकार के भीतर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को समाप्त कर दिया गया। ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण में इसे 'सार्वजनिक और निजी जीवन के हर पहलू में जाति और लिंग को सामाजिक रूप से नियोजित करने' के प्रयासों को समाप्त करने के कदम के रूप में वर्णित किया। संघीय नीति के लिए दोनों बड़े बदलाव हैं और ट्रंप के प्रचार अभियान के दौरान किए गए वादों के अनुरूप हैं। एक आदेश में घोषणा की गई है कि संघीय सरकार केवल दो अपरिवर्तनीय लिंगों को मान्यता देगी: पुरुष और महिला। यह परिभाषा इस बात पर आधारित होगी कि लोग अंडे या शुक्राणु के साथ पैदा हुए हैं, न कि उनके गुणसूत्रों पर। इस बदलाव को महिलाओं को 'लैंगिक अतिवाद' से बचाने के तरीके के रूप में पेश किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 2983

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | | | ■ | ■ | 26 | | 27 |
| | ■ | | ■ | 28 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) राष्ट्र, 2) एक मसाले की जड़, 5) जाँघिया, 6) तैरने वाला, 8) अनुत्तीर्ण; अयोग्य; असफल; पराजित, 9) घेरा; परिसर, 11) खेद; दुःख; शोक, 12) कल्याणकारी; ज़ंजीर; पशुसमूह; नृत्य; लगाम, 14) बैसाखी; सहयोग; आधार, 16) रिवाज, 18) चुंगी चोर; *स्मगलर*, 19) आयुष्य, 21) रुपहला; पचीसवाँ, 22) श्रावण मास, 23) छाला, 24) बीच में, 26) निकम्मापन; ढिलाई; सुस्ती, 28) सिंगार.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक लिपि, 2) हाँ; चोखा; लायक़; बढ़िया; भला, 3) रविवार, 4) निशानी; पदचिन्ह, 5) कक्ष; *केबिन*, 7) अनुभवहीन; अवयस्क; पापहीन; शिशुवत; सरलचित्त, 10) अनुपभुक्त; अपूर्णकृत; अवशिष्ट, 13) अविराम; लगातार; निरंतर, 15) कमल, 17) घृणा; तौहीन; भर्त्सना, 20) वनरक्षक; *फ़ॉरेस्ट रेंजर*, 22) जोरू का भाई, 23) कटहल, 24) नियमधारा; खेल चाल; बारी, 25) सूर्य; यार, 26) वर्तमान दिन, 27) हठी; असह्य; ख़तरनाक; कठोर (*व्यवहारी*); अनम्य; कठिन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | दा | स | ■ | ■ | के | व | ल | ■ | का |
| ■ | ■ | म | हा | व | त | ■ | ला | चा | र |
| स | म | र्थ | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | ख़ा |
| मा | ■ | नी | ला | म | ■ | ट | क | रा | ना |
| स | म | य | ■ | ■ | च | ना | ■ | ष्ट्री | ■ |
| ■ | त | ■ | ह | क़ी | र | ■ | मा | य | का |
| प | ल | स्त | र | ■ | म | क | र | ■ | ■ |
| र | बी | ■ | जा | ना | ■ | स | ना | त | नी |
| सों | ■ | अ | ना | व | श्य | क | ■ | ला | ड़ |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2943

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | | | 5 |
| | | | | 6 | | 8 | | |
| | 1 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | 4 | |
| 8 | | 2 | | | | | | |
| | | | 5 | | | | 1 | |
| | | | 1 | | 3 | 2 | | |
| 6 | | | | | | 7 | | |
| | | | 4 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 2942 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 9 | 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 |

# 'दोषी को क्यों नहीं दी गई फांसी?'

❑ न्यायाधीश अनिर्बाण दास ने 172 पन्नों की रिपोर्ट में बताई वजह

❑ आरजीकर मामले में न्यायाधीश ने दोषी को दिया है आमरण कारावास की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के सियालदह कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बाण दास ने 172 पन्नों की अपने फैसले की कॉपी में महिला डॉक्टर से दरिंदगी के अपराध के 'दुर्लभ से दुर्लभतम' श्रेणी में नहीं आने के कारणों का उल्लेख किया है, जिसमें दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। न्यायाधीश दास ने दोषी को मृत्युदंड न देने के पीछे एक कारण के रूप में 1980 के बच्चन सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में मौत की सजा के क्रियान्वयन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के कुछ दिशानिर्देश हैं। मृत्युदंड के निष्पादन के लिए उस निर्देश में निर्धारित सख्त मानदंडों के साथ आरजीकर की घटना की तुलना नहीं की जा सकती, इसलिए इस अपराध को 'दुर्लभतम' घटना नहीं कहा जा सकता है।

**❑ कब दिया जाता है मृत्युदंड?**

न्यायाधीश दास ने कहा कि किसी अपराध को 'दुर्लभतम' तभी माना जाएगा जब उसके बारे में कोई सवाल ही न हो। न्यायाधीश दास का मानना है कि मृत्युदंड केवल वहीं दिया जाना चाहिए जहां सुधार की कोई गुंजाइश न हो। न्यायाधीश दास ने अपने निर्देश में कहा कि इस मामले में सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है।

**❑ 'सभी पक्षों के बयानों को बहुत गंभीरता से सुना गया'**

न्यायाधीश दास ने अपने फैसले में कहा कि उन्होंने सभी पक्षों के



बयानों को बहुत गंभीरता से सुना है। साथ ही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पोस्टमार्टम के दौरान ली गई तस्वीरों और आरजीकर के फोरेंसिक डॉक्टरों की राय पर भी विचार किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता के शरीर पर चोट कई निशान पाए गए। न्यायाधीश दास ने कहा कि सभी पक्षों को सुनने और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद मेरा मानना है कि दुष्कर्म और हत्या की वारदात को एक ही व्यक्ति ने अंजाम दिया है। उन्होंने अपने फैसले में वारदात में की गई क्रूरता का भी उल्लेख किया है। उन्होंने अपने फैसले में पुलिस व अस्पताल प्रबंधन की उन खामियों का भी उल्लेख किया है, जहां नियमों का उल्लंघन किया गया था।

**❑ वारदात में किसी और की मौजूदगी नहीं**

न्यायाधीश दास के निर्देश ने उस दावे को भी खारिज कर दिया कि वारदात के दौरान एक और महिला की मौजूदगी थी। न्यायाधीश ने कहा कि पोस्टमार्टम के दौरान लापरवाही के कारण मृतका के शरीर पर सामान्य मात्रा में एक अन्य महिला का डीएनए पाया गया है। पीड़िता के शरीर पर पाया गया लार संजय के डीएनए से सौ प्रतिशत मेल खा गया।

# आरजीकर मामला : संजय रॉय की मौत की सजा की मांग पर बंगाल सरकार पहुंची हाईकोर्ट

**❑ न्यायमूर्ति देबांशु बसाक की खंडपीठ ने मामला दर्ज करने की दी अनुमति**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के दोषी संजय रॉय को सजा-ए-मौत नहीं मिलने पर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट का रुख किया है। राज्य सरकार ने संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में मंगलवार को अपील की है। ममता सरकार ने दोषी को सजा-ए-मौत की सजा दिए जाने की अपील की है। खंडपीठ ने राज्य सरकार की याचिका स्वीकार कर ली है। इस मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आप उसे आजीवन कारावास की सजा दे दे रहे हैं? वह पैरोल लेकर बाहर आ सकता है। इस दिन, सुबह में महाधिवक्ता किशोर दत्त ने जस्टिस देबांशु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बीर रशीदी की खंडपीठ का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित किया। अदालत ने



मामले की सुनवाई की अनुमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सियालदह कोर्ट के आजीवन कारावास के फैसले पर असंतोष जताया। आरजीकर मामले में महिला डॉक्टर के साथ 9 अगस्त को हुई दरिंदगी और हत्या के बाद ममता सड़कों पर उतर कर फांसी की मांग कर चुकी हैं। ममता ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि हम इस जघन्य और संवेदनशील मामले में सजा-ए-मौत चाहते हैं। इस मामले में मृत्युदंड क्यों नहीं दिया गया? यह एक जघन्य अपराध है, जिसके लिए सजा-ए-मौत दी जानी चाहिए। हम अब हाईकोर्ट में दोषी को मृत्युदंड देने की मांग करेंगे।

## 'सबूतों से कर दी छेड़छाड़, अब मुख्यमंत्री आगे कुछ न करें', आरजीकर पीड़िता के पिता ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर कॉलेज और अस्पताल में संजय रॉय द्वारा दुष्कर्म और हत्या की शिकार प्रशिक्षु डॉक्टर के पिता ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की है। बता दें कि राज्य सरकार ने सियालदह अदालत के आजीवन कारावास के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। सरकार संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग को लेकर हाईकोर्ट चली गई है। इस पर, पीड़िता के पिता ने कहा कि हमें कल ऑर्डर की कॉपी मिल जाएगी, हम उसे देखेंगे और फिर तय करेंगे कि हमें क्या करना है। उन्हें (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) जल्दबाजी में कुछ भी नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने आज तक जो कुछ भी किया है, उन्हें आगे नहीं करना चाहिए। पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा इसलिए मिली क्योंकि सीबीआई मामले में 'उचित सबूत' नहीं दे सकी। वह बहुत कुछ कह सकती हैं लेकिन उन्होंने केवल सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने इसके साथ छेड़छाड़ की थी। क्या वह शुरू से यह सब नहीं देख सकती थी?

# आशफाकुल्ला नय्यर मामले में हाइकोर्ट ने केस डायरी तलब की

**कोलकाता, समाज्ञा :** आशफाकुल्ला नय्यर के खिलाफ दर्ज मामले में हाइकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने केस डायरी पेश करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई बुधवार यानी आज होगी। जूनियर डॉक्टर आशफाकुल्ला नय्यर, जो एक ट्रेनी हैं, ने खुद को ईएनटी विभाग का विशेषज्ञ बताते हुए इलाज करने का दावा किया है। इस आरोप में इलेक्ट्रॉनिक कंप्लेक्स थाना में कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी डॉक्टर को थाने में तलब किया गया था, लेकिन उन्होंने इस तलब को रोकने के लिए हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, जब शिकायत मिली, उसी दिन एफआईआर क्यों दर्ज की गई? उन्होंने यह भी कहा, एमबीबीएस होने के बावजूद डॉक्टर को प्रैक्टिस करने का अधिकार है। जस्टिस ने राज्य सरकार से कहा, मुझे इस मामले की जांच से संतुष्टि नहीं मिल रही है। एफआईआर की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने अदालत में बताया कि राजू बक्सी नामक एक व्यक्ति ने आशफाकुल्ला नय्यर के खिलाफ शिकायत की है कि उनके पास ईएनटी की डिग्री नहीं है, फिर भी वह अवैध रूप से रोगियों का इलाज कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए उनके घर पर दबिश दी थी। राज्य के वकील शीरशान्न बंदोपाध्याय ने अदालत में यह बताया कि आशफाकुल्ला नय्यर, एमएस ईएनटी के प्रशिक्षित नहीं होने के बावजूद रोगियों का इलाज कर रहे हैं।

# 'एक्सपायर्ड' सलाइन मामले में विशेषज्ञ समिति ने दाखिल की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के राज्य संचालित अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में एक महिला और नवजात की मौत के लिए डॉक्टरों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, राज्य स्वास्थ्य विभाग की एक विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस संभावना को खारिज नहीं किया है कि जीवनरक्षक दवाओं, जैसे कि रिंगर्स लेक्टेट और ऑक्सिटोसिन के इंजेक्शन से ये घटनाएं हुई हो सकती हैं। फिलहाल, इस मामले की दो अलग-अलग जांच चल रही हैं। एक जांच राज्य स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ समिति द्वारा की जा रही है और दूसरी राज्य पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा।

सूत्रों के अनुसार, विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस संभावना को नकारा नहीं है कि रिंगर्स लेक्टेट और ऑक्सिटोसिन के इंजेक्शन से ये हादसे हुए हो सकते हैं। समिति ने इन दवाओं के बैच को अधिक उन्नत क्लीनिकल परीक्षण के लिए भेजा है। साथ ही, सलाह दी गई है कि जब तक इन दवाओं की विस्तृत जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक इन्हीं बैच की दवाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

क्या है मामला?

इस महीने की शुरुआत में पश्चिम मेदिनीपुर के इस अस्पताल में पांच महिलाओं को रिंगर्स लेक्टेट इंजेक्शन दिए जाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। इनमें से एक महिला, मामनी रुइदास की मौत हो गई और दूसरी महिला, रेखा साव के नवजात की भी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे राज्य में हड़कंप मच गया। आरोप लगा कि अस्पताल में 'एक्सपायर्ड' रिंगर्स लेक्टेट का उपयोग किया गया था। यह दवा पश्चिम बंगाल फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आपूर्ति की गई थी, जिसे पहले कर्नाटक और फिर पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट किया गया था।

# 'खुद को बचा रही सरकार', आरजीकर मामले में बोले अर्जुन सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामले के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद राजनीतिक दलों द्वारा फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बीच, बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद और भाजपा नेता अर्जुन सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि निचली अदालतों में जज आगे से कोई आदेश जारी नहीं करते हैं, बल्कि लॉ सेक्रेटरी का फोन आता है और सरकारी अभियोक्ता बेगुनाह लोगों को जबरन जेल में रखते हैं। अर्जुन सिंह ने कहा कि आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामले में राज्य सरकार को हाईकोर्ट जाने की जरूरत थी। राज्य सरकार खुद को बचाने का प्रयास कर रही है।


**Name Change**

I, Rahul Goswami, son of Paresh Nath Goswami, residing at 38/41, Fakir Bagan Lane, P. S.-Golabari, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Palak and Palak Goswami are same and identical person and her date of birth was mistakenly written as 02.06.2012 instead of 02.07.2012 is correct DOB of my daughter, her mother's name is Radha Goswami and Palak and Palak Goswami are same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class Judicial Magistrate at Kolkata dated 25th November 2024.


# हाइकोर्ट ने नवान्न के पास एक्यमंच के धरने को दी अनुमति, 300 से अधिक लोगों के शामिल होने पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता हाइकोर्ट ने 23 जनवरी को ग्रुप डी के नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा नवान्न के



सामने आयोजित धरने को अनुमति दे दी है। हालांकि, जस्टिस तीर्थंकर घोष ने इस धरने में 300 से अधिक लोगों के शामिल होने पर रोक लगा दी है। यह धरना मंदिरतला बस स्टैंड के पास होगा। जानकारी के मुताबिक, ग्रुप डी एकजुट मंच के सदस्यों ने अपने अधिकारों को लेकर मुख्य सचिव से मुलाकात की थी, लेकिन कोई ठोस समाधान न मिलने के कारण उन्होंने नवान्न के सामने धरने का निर्णय लिया। पहले 23 और 24 जनवरी को पुलिस द्वारा धरने की अनुमति न दिए जाने पर मंच ने हाइकोर्ट का रुख किया था। मंच की ओर से अदालत में मामला दायर करने की अनुमति की अपील की गई, जिसे जस्टिस तीर्थंकर घोष ने मंजूरी दी। इसके बाद उच्च न्यायालय ने मंच को धरने की अनुमति दी, लेकिन इस आयोजन में 300 से अधिक लोगों के शामिल होने पर पाबंदी लगा दी। ग्रुप डी कर्मियों के संघर्षशील संगठन, संयुक्त मंच, लंबे समय से 39 प्रतिशत बकाया महंगाई भत्ते और सरकारी विभागों में खाली पदों की भर्ती की मांग कर रहा है। 2017 से ग्रुप डी के कर्मचारी अपनी नियुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अब उन्होंने अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठने का निर्णय लिया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/डिजिचार्ट/ओटीएच पीएफ/2024, दिनांक 20.01.2025**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.:** पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-4, **क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं.:** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-130-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण:** हावड़ा स्टेशन प्लेटफार्म - 8 पर 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश के साथ डिजिटल पैसेंजर रिजर्वेशन चार्ट बोर्ड कियोस्क की स्थापना, परिचालन और रखरखाव । **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 04.02.2025 को 12.00 बजे।

HWH-556/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बांग्लार बाड़ी परियोजना की सूची में भ्रष्टाचार के आरोप में एक और सरकारी कर्मी गिरफ्तार

## बनगांव पुलिस ने फरार आरोपी को हुगली से किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लार बाड़ी परियोजना की सूची में दो सरकारी कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया। बीडीओ के निर्देश पर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपी सरकारी कर्मचारी संजय बोस दूसरे जिले में भागकर छिप गया था। गोपालनगर पुलिस ने उसे हुगली से गिरफ्तार किया। बता दें कि इससे पहले गुरुवार को एक अन्य आरोपी विश्वजीत मित्रा को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार, संजय बसु और विश्वजीत मित्रा लंबे समय से सरकारी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। उन पर आवास योजना के सर्वेक्षण का दायित्व था। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने



वास्तविक प्राप्तकर्ताओं के नाम सूची से हटा दिए तथा उनकी जगह अन्य लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए। जया बिस्वास और रामप्रसाद सरकार इस आवास के वास्तविक प्राप्तकर्ता हैं। लेकिन, उनकी जगह राजकुमार और रामप्रसाद सिंह का नाम दर्ज कर दिया गया। सरकारी कर्मचारी संजय बसु ने कथित तौर पर यह नाम बदल दिया। दूसरी ओर, विश्वजीत मित्रा पर सूची में एक व्यक्ति का नाम बदलने का भी आरोप है। जैसे ही घटना का पता चला, दो नगरपालिका कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू हुई। बनगांव के बीडीओ ने अंततः दोनों सरकारी कर्मियों के खिलाफ बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच के बाद विश्वजीत मित्रा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन, संजय बसु वहां से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गोपालनगर पुलिस ने सोमवार की रात उसे हुगली से गिरफ्तार किया। मंगलवार को उसे अदालत में पेश किया गया। क्या इस घटना में कोई और भी शामिल है? क्या वे किसी अन्य भ्रष्टाचार में लिप्त हैं? उन मुद्दों की भी जांच की जा रही है।

# फर्जी पते का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनाने के आरोप में मध्यमग्राम में बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** विदेश जाने के उद्देश्य से फर्जी पते का इस्तेमाल कर फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात पुलिस ने आरोपी को मध्यमग्राम से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम पलाश विश्वास (28) है। वह चितपुर थाना अंतर्गत काशीपुर इलाके का निवासी हैं। बताया गया है कि उक्त युवक यूरोप जाने के लिए पासपोर्ट बनवा रहा था। पुलिस का दावा है कि पलाश ने पासपोर्ट हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। पासपोर्ट और केवाईसी में प्रयुक्त पता अस्तित्व में नहीं है। जैसे ही मामले का पता चला, पलाश को सोमवार को मध्यमग्राम बुलाया गया। पूछताछ के बाद युवक को गिरफ्तार कर




लिया गया। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारी के बाद भी उसने बार-बार झूठी जानकारी देकर जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की। सूत्रों का दावा है कि पलाश वास्तव में बांग्लादेशी नागरिक है। उन्होंने इस राज्य की सीमा पार करके यूरोप भागने की योजना बनाई थी। लेकिन पुलिस कार्रवाई से यह योजना विफल हो गयी।


**हावड़ा मंडल के तहत जारी में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के किमी. 2/57-59 पर हावड़ा एवं लिलुआ स्टेशनों के बीच नए 2 (दो) लेन बनारस रोड ओवर ब्रिज हेतु पाइल फाउंडेशन द्वारा बो स्ट्रिंग गर्डर पुल के साथ पहुंच मार्ग के निर्माण के संबंध में 66 मीटर स्पन गर्डर की स्थापना के लिए **जारी ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** के कारण **दिनांक 23.01.2025 (गुरुवार) से 26.01.2025 (रविवार) तक** नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

● **ईएमयू ट्रेनों का निरसन [दिनांक 23.01.2025 (गुरुवार) से 26.01.2025 (रविवार) तक] : बैण्डेल से हावड़ा तक:** 37212, 37214, 37216, 37218, 37220 (रविवार छोड़कर), 37222, 37230, 37232, 37236, 37244, 37250, 37254, 37264 (रविवार छोड़कर), 37278, 37288 (कुल-15). **सेवड़ाफुली से हावड़ा तक :** 37042 (रविवार छोड़कर), 37044 (रविवार छोड़कर), 37046 (रविवार छोड़कर), 37048, 37050, 37052 (रविवार छोड़कर), 37056, 37058, 37060, 37062 (रविवार छोड़कर), 37064 (रविवार छोड़कर) (कुल-11)। **बेलूड़ मठ से हावड़ा तक:** 37112, 37118 (कुल-2)। **श्रीरामपुर से हावड़ा तक :** 37012 (रविवार छोड़कर), 37014 (रविवार छोड़कर) (कुल-2)। **हावड़ा से बैण्डेल तक:** 37215, 37231, 37237, 37243, 37249, 37253, 37255, 37257, 37263, 37267, 37201 (रविवार छोड़कर), 37271, 37275, 37277, 37285 (कुल-15). **हावड़ा से सेवड़ाफुली तक:** 37041 (रविवार छोड़कर), 37043 (रविवार छोड़कर), 37045 (रविवार छोड़कर), 37047, 37049, 37051 (रविवार छोड़कर), 37055, 37057, 37059, 37061 (रविवार छोड़कर), 37063 (रविवार छोड़कर) (कुल-11)। **हावड़ा से बेलूड़ मठ तक :** 37111, 37117 (कुल-2)। **हावड़ा से श्रीरामपुर तक :** 37011 (रविवार छोड़कर), 37013 (रविवार छोड़कर) (कुल-2)।

● **37202 बैण्डेल-हावड़ा लेडिज स्पेशल दिनांक 23.01.2025 (गुरुवार) से 26.01.2025 (रविवार) तक** निरस्त रहेगी एवं इसके बदले में एक डाउन पैसेंजर स्पेशल बैण्डेल से रवाना होगी जो लेडिज स्पेशल के मार्ग पर ही चलेगी एवं जिस पर सभी यात्री यात्रा कर सकते हैं।

● **दिनांक 23.01.2025 (गुरुवार) से 26.01.2025 (रविवार) तक पैसेंजर स्पेशल के नाम पर ईएमयू ट्रेन सेवाएं पुनर्बहाल:**

| अप पैसेंजर स्पेशल | हावड़ा से प्रस्थान का समय | डाउन पैसेंजर स्पेशल | बैण्डेल से प्रस्थान का समय |
|---|---|---|---|
| पैसेंजर स्पेशल-1 | 17.47 बजे | पैसेंजर स्पेशल-2 | 04.45 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल-3 | 18.25 बजे | पैसेंजर स्पेशल-4 (रवि. रहित) | 05.40 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल-5 | 19.30 बजे | पैसेंजर स्पेशल-6 (रवि. रहित) | 08.28 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल-7 | 20.10 बजे | पैसेंजर स्पेशल-8 | 08.52 बजे |

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेनें/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ममता सरकार का अंतिम पूर्ण बजट 12 फरवरी से हो सकता है पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार का अंतिम पूर्ण बजट पेश किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 12 फरवरी से होने की संभावना है। यह बजट सत्र लगभग दो सप्ताह तक चलेगा। नवान्न (राज्य सचिवालय) सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बजट को विशेष रूप से सोच-समझकर पेश करना चाहती हैं। इससे पहले, एक फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश का बजट पेश करेंगी। राज्य सरकार ने पहले 7 फरवरी से बजट सत्र शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट के बाद अतिरिक्त समय लेने का निर्णय किया है। इसके पीछे कारण यह है कि मुख्यमंत्री इस बजट को अधिक प्रभावशाली और चुनावी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बनाना चाहती हैं। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आगामी बजट में नई योजनाओं की घोषणा कर सकती हैं। इसके अलावा, रूपोश्री, कन्याश्री, और लक्ष्मी भंडार जैसी प्रमुख योजनाओं में अतिरिक्त लाभ जोड़ने की भी योजना है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार द्वारा बंगाल के लिए बजट में किए गए आवंटन को ध्यान में रखकर इसे अंतिम रूप देगी। राज्य के सरकारी कर्मचारियों के डीए (महंगाई भत्ता) को लेकर भी सरकार इस बार विशेष प्रावधान कर सकती है। फिलहाल, केंद्र सरकार के कर्मचारी जहां 53 फीसदी डीए प्राप्त कर रहे हैं, वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारी केवल 14 फीसदी डीए पा रहे हैं। इस अंतर ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा दिया है। आगामी चुनावों में इन कर्मचारियों की भूमिका को देखते हुए राज्य सरकार बजट में उनके लिए अतिरिक्त घोषणाएं कर सकती है।

# बैरकपुर में भीषण आग में शॉपिंग मॉल व रेस्तरां जलकर खाक

**❑ स्थानीय विधायक एवं मेयर ने किया घटनास्थल का दौरा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के स्टेशन रोड पर घोषपाड़ा से सटे इलाके में मंगलवार को भीषण अगलगी में एक शॉपिंग मॉल व एक रेस्तरां जलकर खाक हो गया। अतीन्द्र सिनेमा हॉल के बगल स्थित उक्त नामचीन एक शॉपिंग मॉल में आग लग गई। आग तुरन्त फैल गयी। भीषण आग में एक रेस्तरां भी जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के लिए 8 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। आग के कारण शॉपिंग मॉल में स्थित सड़क पर यातायात लगभग अवरुद्ध हो गया है। चूंकि, यह



इलाका घनी आबादी वाला है, इसलिए अग्निशमन कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी कठिनाई हुई। बैरकपुर स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हुई आग की घटना से दहशत फैल गई है। खबर मिलने पर टीटागढ़ थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूरा क्षेत्र काले धुएं से ढक गया। बैरकपुर के विधायक राज चक्रवर्ती और मेयर घटनास्थल पर गए। विधायक राज चक्रवर्ती ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

# महाकुंभ 2025 : श्रद्धालुओं के लिए डिजिटल और पारंपरिक प्रयासों का अद्भुत मिलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पवित्र गंगा नदी, जो प्राचीनता और आधुनिकता का अद्भुत संगम है, जीवन को संजीवनी देती है। हर 12 साल में गंगा, यमुन और अदृश्य सरस्वती के संगम पर लाखों श्रद्धालु आकर अपने पूर्वजों की परंपराओं का सम्मान करते हैं और नदी के आशीर्वाद को प्राप्त करते हैं। महाकुंभ 2025, जो वर्तमान में प्रयागराज में आयोजित हो रहा है, लगभग 300 मिलियन श्रद्धालुओं के साथ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बनेगा। श्रद्धालुओं को संगम तक आसानी से पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। भारतीय रेलवे महाकुंभ 2025 के लिए यात्रा को सुगम और अद्वितीय अनुभव बनाने के लिए कई डिजिटल और पारंपरिक पहल कर रहा है। इस आयोजन के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें नए नदी पुल का निर्माण भी शामिल है। रेलवे ने यात्रा को सुविधाजनक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

**महाकुंभ यात्रा को मिली डिजिटल सुविधा**

महाकुंभ 2025 के लिए भारतीय रेलवे ने कुंभ रेल सेवा वेबसाइट लॉन्च की है, जो यात्रियों को ट्रेन शेड्यूल, टिकट उपलब्धता और स्टेशन सुविधाओं के बारे में रीयल-टाइम अपडेट प्रदान करती है। इसके साथ ही, एक मल्टी-लिंगुअल मोबाइल ऐप भी उपलब्ध है, जिससे श्रद्धालु यात्रा की योजना बना सकते हैं, टिकट बुक कर सकते हैं और अन्य आवश्यक सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। समावेशिता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने 12 प्रमुख



**जया वर्मा सिन्हा**
भारतीय रेलवे बोर्ड की
पूर्व अध्यक्ष

भारतीय भाषाओं में घोषणाएं की हैं। इसके अलावा, एक टोल-फ्री नंबर भी उपलब्ध है, जो हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी देता है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के यात्रा कर सकें।

**महाकुंभ में सुरक्षा और निगरानी के सख्त उपाय**

महाकुंभ 2025 के विशाल आयोजन के लिए प्रयागराज में 24 7 महाकुंभ वॉर रूम स्थापित किया गया है, जो ट्रेन संचालन, सार्वजनिक यातायात और भीड़ प्रबंधन की निगरानी करता है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 1,000 से अधिक निगरानी कैमरे और ड्रोन तैनात किए गए हैं, जिनमें चेहरे की पहचान तकनीक भी शामिल है। इसके अलावा, 23,000 से अधिक रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राज्य पुलिस कर्मचारी इस आयोजन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात किए गए हैं। ये सभी प्रयास महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए किए गए हैं।

**महाकुंभ 2025: भविष्य के लिए दृष्टिकोण**

भारतीय रेलवे, अपनी आध्यात्मिकता को सम्मानित करते हुए, प्रौद्योगिकी का समावेश कर एक ऐसा अनुभव तैयार कर रहा है जो अतीत और भविष्य को जोड़ता है। महाकुंभ 2025 भारत की सांस्कृतिक धरोहर और वैज्ञानिक नवाचार का आदर्श उदाहरण बनकर उभरेगा। यह आयोजन न केवल देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध और तकनीकी दृष्टि से संपन्न भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है। भारतीय रेलवे द्वारा की गई पहलें इस बात को सिद्ध करती हैं कि भारत अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है।




# कोयला तस्करी मामला : आसनसोल की विशेष सीबीआई अदालत में ट्रायल शुरू

## पहले दिन सीआईएल के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बयान दर्ज

**आसनसोल :** कोयला तस्करी मामले में मंगलवार को पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल स्थित विशेष सीबीआई अदालत में सुनवाई शुरू हो गई। सुनवाई के पहले दिन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। बता दें कि मामले में सीआईएल की सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के 12



अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें से नौ के खिलाफ मुकदमा शुरू करने की अनुमति सीआईएल ने दे दी है। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहे हैं। ईडी ने मामले में मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की भी जांच की है। अदालत में अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र में कुल 50 व्यक्तियों और कंपनियों को आरोपी बनाया गया है, लेकिन फिलहाल 49 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा शुरू हो चुका है। इनमें तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता विनय मिश्रा भी शामिल हैं, जो फरार हैं और माना जाता है कि उन्होंने वानुअतु द्वीप की नागरिकता ले ली है। उनके भाई विकास मिश्रा भी इस मामले में मुख्य आरोपियों में से एक हैं। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक, 2015 से 2020 के बीच 36 लाख मीट्रिक टन कोयले की चोरी और तस्करी की गई, जिससे सरकार को करीब 1,340 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जांच में कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात कोल इंडिया लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आई है। मामले का मुख्य आरोपी अरूप माझी उर्फ लाला फिलहाल जमानत पर है।

# संजय रॉय पर अब शौचालय की सफाई का जिम्मा, नई मुश्किलें

## 100 रुपये प्रति दिन मिलेगी मजदूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉक्टर रेप मर्डर केस में उम्रकैद की सजा भुगत रहे संजय रॉय के लिए अब एक और बुरी खबर आई है। सियालदाह कोर्ट ने उसे प्रेसीडेंसी जेल भेज दिया है, जहां उसे अपनी बाकी की जिंदगी सलाखों के पीछे रहकर बितानी होगी। यह जेल उसके लिए किसी काले सपने से कम नहीं होगी, क्योंकि उसे अब ऐसी सजा भुगतनी पड़ेगी, जिसकी उसने कभी कल्पना नहीं की थी। संजय की पुरानी शाही और प्रभावशाली जिंदगी अब इतिहास बन चुकी है, और डॉक्टर बिटिया के माता-पिता के लिए यह एक बड़ी राहत हो सकती है, क्योंकि अब उसकी साख और सत्ता पूरी तरह खत्म हो जाएगी। आरजीकर मेडिकल कॉलेज में संजय एक ऐसा शख्स था, जो वसूली के रैकेट चला रहा था और उसके अच्छे रिश्ते पुलिस अधिकारियों से थे। लेकिन अब उसकी दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है। प्रेसीडेंसी जेल के सूत्रों के अनुसार, संजय को अब कुछ ऐसे कठोर काम सौंपे जाएंगे, जिनकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उसे जेल के बाथरूम की सफाई, रसोई की सफाई और बागीचे की देखभाल जैसे कामों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, उसे गोदाम से भारी सामान उठाने और रखने के काम भी दिए जा सकते हैं। जेल प्रशासन के अनुसार, कैदियों को तीन श्रेणियों में बांटा जाता है और उनके काम के आधार पर उन्हें अलग-अलग मजदूरी मिलती है।

### राज्य सरकार ने एसएसके और एमएसके शिक्षकों का बढ़ाया वेतन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने एसएसके (शिशु शिक्षा केंद्र) और एमएसके (माध्यमिक शिक्षा केंद्र) के शिक्षकों का वेतन बढ़ा दिया है। आगामी 1 फरवरी से एसएसके और एमएसके के हजारों शिक्षक नई वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त करेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इस बात की जानकारी दी गई है। अब एसएसके और एमएसके के शिक्षक 3 प्रतिशत की वेतन वृद्धि प्राप्त करेंगे। सूत्रों के अनुसार, पहले शिशु शिक्षा केंद्र के सहायक/सहायकाओं को 11,255 रुपये वेतन मिलता था, लेकिन अब वे 11,593 रुपये प्राप्त करेंगे। इसी तरह, मुख्या सहायक/सहायिकाओं को 11,638 रुपये के स्थान पर 11,987 रुपये मिलेंगे। वहीं, एक्सटेंशन वर्कर का वेतन पहले 14,632 रुपये था, जिसे बढ़ाकर अब 15,071 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह, मुख्य एक्सटेंशन वर्कर को 15,758 रुपये की बजाय 16,231 रुपये मिलेगा।

## अब आठवीं कक्षा से साइबर अपराध और जागरूकता की होगी पढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच राज्य सरकार ने स्कूलों के पाठ्यक्रम में अब आत्मसचेतना और साइबर अपराधों से जुड़ी जागरूकता को शामिल करने का निर्णय लिया है। फर्जी खबरों से लेकर अश्लील सामग्री तक, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों का शिकार लोग हो रहे हैं, और इससे विद्यार्थियों को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, आगामी शैक्षणिक वर्ष से आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में एक विशेष अध्याय जोड़ा जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस पाठ में सिखाया जाएगा कि साइबर अपराध क्या होते हैं और इन अपराधों के लिए क्या सजा हो सकती है।

इसके अलावा, अश्लील सामग्री साझा करने पर कौन-कौन सी सजा हो सकती है और इसे कैसे रोका जा सकता है, इस पर भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को यह भी बताया जाएगा कि अश्लील सामग्री बनाने से बचने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर फैलने वाली झूठी खबरों से कैसे बचा जा सकता है, इस बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस नई पहल को लागू करने के लिए स्कूलों में नई किताबों का वितरण भी शुरू कर दिया है, ताकि छात्रों को इस जागरूकता से संबंधित सभी जानकारी समय पर मिल सके।

## फर्जी आधार कार्ड के जरिये 40 साल पहले मृत की जमीन बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

❑ **फर्जी दस्तावेजों से ठगी की साजिश**

**हुगली :** जिले के दादपुर थाना क्षेत्र के महेश्वरपुर इलाके में 40 साल पहले मृत व्यक्ति की 21 कट्ठा जमीन बेचने के आरोप में अब्दुल अली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पोलबा कोटलपुर निवासी अब्दुल अली नायक ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर गुलाम मुर्तजा की 21 कट्ठा जमीन बेचने की कोशिश की, जिसकी वर्तमान कीमत कई करोड़ रुपये हैं। यह जमीन दुर्गापुर एक्सप्रेस वे से सटी है।गुलाम मुर्तजा के बेटे रफीकुल इस्लाम ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु करीब 40 साल पहले हो चुकी है। महेश्वरपुर के हाई रोड के किनारे दो अलग-अलग प्लॉट में 21 कट्ठा जमीन उनके पिता के नाम पर है।



अचानक एक व्यक्ति इस जमीन को बेचने के लिए ग्राहक लेकर आया। जब स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि इस जमीन को बेचा जा रहा है। पूछताछ पर गुलाम मुर्तजा के नाम के फर्जी आधार कार्ड का पता चला। आधार में लगी तस्वीर अब्दुल अली नायक की थी। 40 साल पहले मृत व्यक्ति के आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ करके उसे फर्जी बनाया गया।

❑ **पुलिस की जांच और गिरफ्त-री**

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने आधार कार्ड की जालसाजी कर किसी और की जमीन हड़पने की योजना बनाई थी। आरोपी को अदालत में रिमांड की अर्जी के साथ पेश किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

प्राथमिक जांच के अनुसार, आरोपी पहले जाली दस्तावेज तैयार कर खरीदार को भरोसा दिलाया। फिर जमीन दिखाकर एडवांस रकम लेकर फरार हो गया था। इसके लिए पहले से ही उसने योजना बनाई थी। पुलिस ने कहा कि बिना जांच-पड़ताल किए आधार कार्ड पर भरोसा करना मतलब ठगी का शिकार होना है। पुलिस लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रही है।

## ग्वालपोखर में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए सज्जाक आलम का करीबी अब्दुल गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर :** उत्तर दिनाजपुर में पुलिस ने सोमवार की देर रात कुख्यात अपराधी और एनकाउंटर में मारे गए सज्जाक आलम के करीबी अब्दुल हुसैन उर्फ अबाल को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि वह जेल से फरार होने के बाद बिहार और झारखंड के रास्ते भागने की योजना बना रहा था, लेकिन ग्वालपोखर लौटते ही पुलिस ने उसे करनदिघी के रसखोआ इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब्दुल को पूछताछ के लिए करनदिघी थाने ले जाया गया। यह गिरफ्तारी हाल ही में हुए उस एनकाउंटर के बाद हुई है, जिसमें सज्जाक आलम मारा गया था। हालांकि, रायगंज के पुलिस अधीक्षक सना अख्तर ने इस गिरफ्तारी पर ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया है। मंगलवार की सुबह



उन्होंने केवल इतना कहा कि वह अभी अधिकारियों से बात करेंगी। बता दें कि सज्जाक को पहले ही पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है क्योंकि कोर्ट से लौटते समय उसने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग की थी, जिसमें दो पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इसके बाद, सज्जाक फरार हो गया था। उत्तर दिनाजपुर में बांग्लादेश की सीमा के पास उसका एनकाउंटर कर दिया गया था। अब्दुल की गिरफ्तारी से गिरोह की गतिविधियों और उसके अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है।

## न्यू बैरकपुर में सड़क पर सार्वजनिक रूप से महिला की पिटाई, महिला ने की आत्महत्या

### घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद, कई लोगों के नाम उल्लेख, घटना के बाद से आरोपित फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कई भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क पर अर्धनग्न अवस्था में पिटाई करने से अपमानित एक महिला ने फांसी लगाकर 'आत्महत्या' कर ली। इतना ही नहीं, खबर है कि उन्होंने पूरी बात एक सुसाइड नोट में भी लिखी है। यह सनसनीखेज घटना उत्तर 24 परगना के न्यू बैरकपुर में घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक महिला के परिवार ने आरोप लगाया कि ममता सरकार समेत अन्य लोग लंबे समय से उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे थे। न्यू बैरकपुर के वार्ड सात में इसको लेकर कभी-



कभी विवाद होता था। बताया गया है कि गत सोमवार को ममता सरकार और कुछ अन्य लोगों ने कथित तौर पर महिला के साथ मारपीट की। उसे सड़क पर सार्वजनिक रूप से पीटा गया। कपड़े भी फटे गए थे। बाद में, बच-बचाकर घर लौट आई। लेकिन, वह इस अपमान को स्वीकार नहीं कर सकी। मंगलवार को खाली पड़े घर में उसका शव लटका हुआ मिला। घर में एक पत्र भी मिला, जिसमें उन्होंने ममता सरकार समेत अन्य कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं के नाम लिखे हैं। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। इस दिन, मृतक के परिवार और अन्य लोगों ने घोला और न्यू बैरकपुर पुलिस थानों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## केएमसी में हजारों आशा कर्मियों ने किया प्रदर्शन, वेतन वृद्धि और कैजुअल लीव हटाने पर सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा**

आशा कर्मियों का गुस्सा अब पूरी तरह से फूट पड़ा है। करीब 5 हजार आशा कर्मियों ने मंगलवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के बाहर प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने नियमित वेतन और उनकी कैजुअल लीव हटाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि लंबे समय से उनका वेतन नहीं बढ़ाया गया है और जो वेतन मिल रहा है, वह भी नियमित नहीं है। वेतन में वृद्धि और नियमित भुगतान की उनकी मांग जोर-शोर से उठी है। आशा कर्मियों का कहना है कि उनका कैजुअल लीव भी बिना किसी सूचना के हटा दिया गया है, जिसके कारण वे और भी परेशान हैं। वे पिछले साल तक साल में 18 दिन की कैजुअल लीव का लाभ उठा सकते थे, लेकिन अब यह लीव भी बंद कर दी गई है। इसके अलावा, 'नो वर्क नो पे' की नीति लागू कर दी गई है, जिसके चलते अगर वे काम पर नहीं आते तो उन्हें कोई वेतन नहीं मिलेगा।

इस बदलाव के बाद कर्मियों में और भी गुस्सा देखा जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कोलकाता नगर निगम के काउंटर गेट के सामने भारी भीड़ जुटी और यह प्रदर्शन काफी देर तक चला। हालांकि, इस मामले में कोलकाता नगर निगम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अब तक सामने नहीं आई है।

## साल्टलेक में डॉक्टर के घर पर दुस्साहसिक डकैती के मामले में टेंगरा से तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक में एक डॉक्टर के घर पर दुस्साहसिक डकैती के सिलसिले में बिधाननगर दक्षिण थाने की पुलिस ने टेंगरा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, साल्टलेक के एचबी ब्लॉक निवासी महिला डॉक्टर और उनका परिवार गत 11 जनवरी को घर पर नहीं था। अगले दिन 12 जनवरी की सुबह जब उनका ड्राइवर घर पहुंचा तो उसने पहली मंजिल की खिड़की टूटी हुई और ऊपर के कमरे का दरव-ाजा टूटा हुआ पाया। तथा घर में रखे दो संदूक व तीन आलमारियां तोड़ी गई। इसके बाद, पड़ोसियों ने पुलिस थाने में सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घर की खिड़की तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और



नकदी चोरी हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने घर के सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क भी निकाल ली। बिधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन ने घटना की जांच शुरू की। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने मामले में टेंगरा इलाके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस यह जांच कर रही है कि मामले में और कौन-कौन शामिल है। चोरी हुई वस्तुएं कहां हैं, यह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस ने सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म में से एक बनने के लिए की रणनीतिक साझेदारी

**कोलकाता :** भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने आज वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्टल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों कंपनियों की संयुक्त पहुंच, पैमाना और वितरण शक्ति इस साझेदारी की आधारशिला के रूप में काम करेगी और हमें बाजार में सफल होने में मदद करेगी।

## जादवपुर में सरकारी बस की टक्कर से महिला की मौत, बाल-बाल बची बच्ची

### गंभीर हालत में पति अस्पताल में इलाजरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर में मंगलवार को सरकारी बस की लापरवाही ने एक परिवार की जिंदगी तबाह कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7 बजे 8बी बस स्टैंड के पास हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटर सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। चमत्कारिक रूप से, उनके साथ मौजूद चार साल की बच्ची अंकिता सुरक्षित बच निकली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एस31 रूट की सरकारी बस तेज रफ्तार से आ रही थी। बाघाजतीन निवासी प्रसनजीत मंडल अपनी पत्नी देबश्री और बेटी अंकिता को लेकर स्कूटर से ढाकुरिया जा रहे थे। जैसे ही वे 8बी बस स्टैंड के पास पहुंचे, बस ने स्कूटर को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि स्कूटर बस के नीचे आ गया। देबश्री की मौके पर ही मौत हो गई,




जबकि प्रसनजीत को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि सरकारी बसों की तेज रफ्तार अब खतरा बनती जा रही है। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि प्राइवेट बसों की तरह अब सरकारी बसें भी नियमों की अनदेखी कर रही हैं। पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित बचा लिया और उसे जादवपुर थाने में रखा गया है। परिवार को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद इलाके में ट्रैफिक बाधित हो गया, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। घातक बस के चालक और कंडक्टर को हिरासत में लिया गया है।

## पूर्व रेलवे ने डिजिटल टिकटिंग के भविष्य की दिशा में उठाया बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल टिकटिंग समाधान पेश किए हैं, जो यात्रा को तेज, सुविधाजनक और अधिक आसान बना रहे हैं। ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और मोबाइल पर अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, पूर्व रेलवे ने टिकट प्राप्त करने के पारंपरिक तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है, जिससे कतारों, नकद लेनदेन और कागजी टिकटों की आवश्यकता समाप्त हो गई है। अब यात्रियों को लंबी कतारों में खड़े हुए बिना महज कुछ सेकंड में टिकट मिल सकते हैं, क्योंकि पूर्व रेलवे के नेटवर्क में 574 एटीवीएम स्थापित हैं। यूटीएस-ऑन-मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए, यात्री सीधे अपने स्मार्टफोन पर टिकट खरीद सकते हैं और स्टोर कर सकते हैं, जिससे स्टेशन पर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह बदलाव न केवल समय की बचत



करता है, बल्कि यात्रियों को निर्बाध, कैशलेस और पर्यावरण के अनुकूल अनुभव भी प्रदान करता है। एटीवीएम ने 2024 के अप्रैल से दिसंबर तक 81 मिलियन से अधिक टिकट जारी किए और विभिन्न प्रकार के टिकट जैसे सामान्य, प्लेटफॉर्म और सीजन टिकट उपलब्ध कराए। इन मशीनों ने स्टेशन पर भीड़ कम करने में भी मदद की है। दूसरी ओर, यूटीएस-ऑन-मोबाइल ऐप से 22.8 मिलियन टिकट जारी हुए, जो यात्रियों को स्मार्टफोन के माध्यम से पेपरलेस टिकट, कैशलेस लेनदेन और रीयल-टाइम बुकिंग की सुविधा प्रदान करता है। पूर्व रेलवे के डिजिटल टिकटिंग समाधान भविष्य में और भी विकसित होंगे, जिसमें एटीवीएम नेटवर्क का विस्तार और यूटीएस ऐप में नए फीचर्स जोड़े जाएंगे। इन नवाचारों से यात्रियों को समय की बचत, अधिक सुविधाएं और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा का अनुभव होगा, जिससे रेलवे यात्रा पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, हरा-भरा और प्रभावी बन जाएगी।

### आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च की अपनी आयशर प्रो एक्स रेंज

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीई कमर्शियल व्हीकल्स की व्यावसायिक इकाई आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने अपनी इलेक्ट्रिक फर्स्ट छोटे व्यावसायिक वाहनों (एससीवी) की रेंज आयशर प्रो एक्स भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लॉन्च की। कंपनी की यह नवीनतम रेंज, तेजी से बढ़ रहे 2 से 3.50 टी सेगमेंट में, आयशर का शानदार प्रवेश है, जो अंतिम कड़ी के परिवहन की जरूरतों को पूरा करने और इसे बढ़ावा देने के आयशर के ध्येय को अंगीकृत करता है। इस अवसर पर वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा, हमने हमेशा से उद्योगों को नवाचार युक्त बेहतरीन उपाय देने की हमारी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए और लाइट और मीडियम ड्यूटी ट्रक्स में मजबूत पकड़ की अपनी विरासत का फायदा उठाते हुए, इस नई सीरीज को बनाया है। हमारे ग्राहकों के साथ मिलकर उनकी जरूरत के अनुरूप बनाया गया आयशर प्रो एक्स, स्मॉल कमर्शियल व्हीकल के क्षेत्र में नए झंडा गाढ़ देगा।

### क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी, अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच के लिए चलेंगी अतिरिक्त ईएमयू ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा क्रिकेट प्रेमियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ईडन गार्डन्स में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच के दर्शकों के लिए मध्यरात्रि विशेष सर्कुलर रेलवे ट्रेनें उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान दो अतिरिक्त 12-कोच वाली ईएमयू ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। मैच के दिन यात्री यातायात में होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए, पूर्व रेलवे प्रिंसिप घाट और बारासात के बीच और बी.बी.डी. बाग और बारुइपुर के बीच दो अतिरिक्त ईएमयू ट्रेनें चलाएगा। प्रिंसिप घाट-बारासात ईएमयू स्पेशल ट्रेन 22 जनवरी को रात्रि 23:50 बजे प्रिंसिप घाट से रवाना होगी और 23 जनवरी को रात्रि 01:00 बजे बारासात पहुंचेगी। वहीं, बी.बी.डी. बाग-बारुइपुर ईएमयू स्पेशल ट्रेन 23 जनवरी को रात्रि 00:02 बजे बी.बी.डी. बाग से रवाना होगी और 01:32 बजे बारुइपुर पहुंचेगी। यह दोनों ट्रेनें अपने रास्ते के सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

## आसनसोल में मिट्टी में दबने से झारखंड के दो मजदूर समेत तीन की मौत, एक गंभीर

**आसनसोल :** आसनसोल के सलानपुर में मंगलवार को पानी की पाइपलाइन का काम करते समय मिट्टी के नीचे दबने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तीन मृतक श्रमिकों में से दो पड़ोसी राज्य झारखंड के निवासी हैं। उनके नाम रज्जाक शेख (20) और रोहित शेख (18) है। जबकि, एक अन्य मृतक का नाम नितेश पासवान है। वह कुल्टी के न्यू रोड का निवासी है। दूसरी तरफ, घायल श्रमिक शमसुल शेख को आसनसोल जिला अस्प-ताल में भर्ती कराया गया है। वह भी झारखंड का निवासी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सा-



लनपुर में डालमिया रेलवे लाइन के सामने पीएचई पाइपलाइन का काम चल रहा था। लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा खोदने का काम चल रहा था। गड्ढा खोदकर उसका मिट्टी पास में ही रखा जा रहा था। तभी, अचानक ज़मीन धंस गई और चारो मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में मदद की। जब मजदूरों को बचाया गया और अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने झारखंड के दो निवासियों सहित तीन मजदूरों को मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल रुबी पार्क, कोलकाता का 20वां वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रुबी पार्क, कोलकाता का 20वां वार्षिक खेल दिवस 2024-2025 धूमधाम से संपन्न हुआ। गीतांजलि स्टेडियम में 18 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन में नर्सरी से लेकर कक्षा 6 तक के छोटे बच्चों ने खेलों के प्रति अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य ज्योति चौधरी के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों में खेल भावना को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी अरुप बैंया उप-स्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रीय चैंपियन सिंड्रेला दास थीं।

इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने रुडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध कहानी 'द जंगल बुक' के पात्रों को जीवंत किया, जिसमें मोगली, बघीरा, काह, बालू, और दरजी के किरदारों का अभिनय किया। विभिन्न खेल जैसे 'ड्रेस अप फॉर स्कूल', 'शटल रेस', 'जिग-जैग रेस', 'हर्डल्स', 'स्किपिंग रेस' और 'फ्रेंडशिप डे' ने बच्चों की खेल क्षमता का परीक्षण किया। स्कूल का मोटो 'सर्विस बिफोर सेल्फ' इस दिन के समारोह में एनजीओ बॉस्को नेट की सहभागिता से भी प्रकट हुआ। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल रुबी पार्क, कोलकाता का 20वां वार्षिक सीनियर स्कूल खेल दिवस




**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रुबी पार्क, कोलकाता के 19 जनवरी को गीतांजलि स्टेडियम में आयोजित 20वें वार्षिक सीनियर स्कूल खेल दिवस का आयोजन भी धूमधाम से किया गया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान तरुण दे थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध आर्चर डोला बनर्जी और कर्नल अभिजीत दास, कमांडिंग ऑफिसर, 2 बंगाल बटालियन एन-सीसी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों की समर्पण भावना की सराहना की और खेल भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य ज्योति चौधरी के स्वागत भाषण से हुई। इस वार्षिक खेल दिवस के दूसरे दिन छात्रों की अद्वितीय प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन हुआ। इस मौके पर कक्षा 12वीं की मुस्कान चटर्जी को बैडमिंटन के लिए और कक्षा 9वीं के हृषिकेश कुमार बनिक को शतरंज के लिए 'स्पोर्ट्स अचीवर' के सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही चेनाब हाउस को समग्र चैंपियन घोषित किया गया।

# सीमा की सुरक्षा करना बीएसएफ की जिम्मेदारी : ममता

## मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने से बचने की दी सलाह

**मालदह :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है और उन्होंने मालदह जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें। इस दिन, ममता बनर्जी ने मालदह जिले में एक बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। उन्होंने कहा कि सीमा की सुरक्षा करना बीएसएफ का कर्तव्य है। मैं लोगों से आग्रह करती हूं कि अगर



उन्हें कोई समस्या दिखे तो वे सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों से उन लोगों पर नजर रखने का भी आग्रह किया, जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं या गलत इरादे से होटल के कमरों में ठहरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होंगे।

**❑ मुख्यमंत्री 123 परियोजनाओं का उद्घाटन और 76 परियोजना-ओं का किया शिलान्यास**

इस दिन, मालदह में डीएसए स्टेडियम में सरकारी सेवा प्रावधान समारोह में मुख्यमंत्री ममता ने पहले इंग्लिश बाजार नगरपालिका के पार्षद और तृणमूल नेता स्वर्गीय दुलाल सरकार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद, ममता ने कहा कि आज इस मंच से मैंने मालदहवासियों के लिए 1211 करोड़ 54 लाख 24 हजार रुपए की कुल लागत से 123 जनकल्याण परियोजनाओं का उद्घाटन और 76 जनकल्याण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें मैंने कई विकासात्मक गतिविधियां देखीं, जिनमें मालदह के चांचल में विशेष सुधारात्मक सुविधा, 132/33 किलोवोल्ट उच्च क्षमता वाले गैस इंसुलेटेड विद्युत सबस्टेशन, गाजोल स्टेडियम, चांचल में बारमेसर ब्रिज, इंग्लिश बाजार सहकारी समूह प्रशिक्षण केंद्र और जादुपुर में सहकारी दाल फैक्ट्री शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के अनुसार, हमने स्वास्थ्य केन्द्र. के अलावा आज हमने मालदह में लगभग 2 लाख लोगों तक विभिन्न सरकारी सेवाएं सीधे पहुंचाईं। मुझे उम्मीद है कि आज के समग्र विकास के साथ-साथ माल्दा के लोगों के जीवन स्तर में भी समग्र सुधार आएगा। हमारी सरकार बंगाल के लोगों के बीच शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि विकास तभी होता है जब शांति होती है। जिस प्रकार मानवता के अलावा कोई विकल्प नहीं है, उसी प्रकार हमें अन्याय होते देख उसके विरुद्ध खड़ा होना चाहिए। मैं आम जनता की खुशहाली और समृद्धि को शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लेकर अथक परिश्रम कर रही हूं और मरते दम तक इसी तरह उनकी सेवा करती रहूंगी।

## क्षेत्रीय दलों में तृणमूल कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे अधिक की कमाई

**❑ इलेक्टोरल बॉन्ड से तृणमूल कांग्रेस को 612.4 करोड़ रुपये मिले**

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्टोरल बॉन्ड से न सिर्फ राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां बल्कि क्षेत्रीय दलों का खजाना भरा था। तृणमूल कांग्रेस, बीजू जनता दल और तेलगूदेशम के बॉन्ड वाले चुनावी चंदे में गजब की बढ़ोतरी हुई थी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2024 में इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द कर दिया था, इससे पहले क्षेत्रीय पार्टियां चंदे से भी मालामाल हो चुकी थीं। निर्वाचन आयोग में दायर ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्तीय वर्ष मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बीच तृणमूल कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के ज़रिए 612.4 करोड़ रुपये मिले।

इसी अवधि में केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को 495.5 करोड़ रुपये मिले थे। ओडिशा में नवीन पटनायक की बीजेडी को 245.5 करोड़ रुपये का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला था। क्षेत्रीय दलों में इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे अधिक टीएमसी को चंदा मिला। 2023 के मुकाबले उसे इस बॉन्ड के जरिये 88 प्रतिशत अधिक दान मिला। तृणमूल कांग्रेस को कुल 646.4 करोड़ रुपये चंदा मिला था, जिनमें से बॉन्ड के ज़रिए करीब 95 फीसदी यानी 612.4 करोड़ रुपये मिले थे। करिश्माई बॉन्ड से बीआरएस को 72 प्रतिशत, बीजेडी को 82 प्रतिशत, टीडीपी को 61 प्रतिशत, वाईएसआरसीपी को 64 प्रतिशत, डीएमके को 33 फीसदी और जेएमएम को 73 फीसदी चंदा मिला था।

# आरजीकर मामले में नौटंकी कर रही हैं ममता : शुभेंदु अधिकारी

**❑ फांसी की सजा की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर भाजपा नेता ने किया कटाक्ष**

**❑ कहा... 'ममता और उनका प्रशासन दोषी संजय राय और उनके सभी साथियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे'**

**मेदिनीपुर :** आरजीकर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या मामले में दोषी सिविक वॉलंटियर संजय राय को आजीवन कारावास की सजा मिलने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा असंतोष जताए जाने और जांच का जिम्मा राज्य सरकार के हाथों में होने पर फांसी की सजा दिलवाने वाले बयान पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री नौटंकी कर रही हैं। इस दिन, मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी को जो कदम उठाने चाहिए थे, उन्होंने नहीं उठाए। शुभेंदु ने कहा कि लोगों का मानना है कि ममता और उनका प्रशासन दोषी संजय राय और उनके सभी साथियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए लोगों में ममता के खिलाफ सबसे ज्यादा नाराजगी है। शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी आज संजय राय की फांसी मांग इसलिए कर रही हैं, क्योंकि इस जघन्य अपराध में उनके साथ जो मिले हैं, उनको बचाया जा सके। मुख्यमंत्री का यह सब सिर्फ नाटक है।

**❑ 'संजय राय को फांसी की सजा नहीं होने से हर व्यक्ति निराश'**

आरजीकर मामले के मुख्य दोषी संजय राय को फांसी की सजा नहीं होने पर शुभेंदु ने कहा कि इससे बंगाल का हर व्यक्ति निराश है। लोगों की भावना आहत हुई है। सबसे दुखदाई बात यह है कि दोषियों को बचाने के लिए साजिश के तहत यह प्रक्रिया चली है। दोषी कोई भी हो, ऐसा नतीजा नहीं आना चाहिए था। मुझे लगता है कि अभी भी संभावना है कि साजिश को उजागर करके सभी दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

**❑ 'हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती देना केवल पैसों की बर्बादी'**

वहीं, बंगाल सरकार द्वारा निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए दोषी को फांसी देने की मांग को लेकर मंगलवार को हाईकोर्ट जाने पर शुभेंदु ने कहा कि इससे कुछ नहीं होने वाला है, सिर्फ पैसों की बर्बादी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता सरकार व प्रशासन ने इस जघन्य अपराध के सबूतों को खत्म कर दिया है। आरोपितों को बचाने के लिए शासन और प्रशासन ने पूरी ताकत लगा दी थी, इसलिए फांसी की सजा मांगने और हाईकोर्ट का रुख करने के लिए उनका क्या अधिकार बनता है। शुभेंदु ने कहा कि अगर ममता बनर्जी सच में चाहती हैं कि दोषियों को फांसी की सजा मिले, तो उनकी सरकार और प्रशासन सबूत जुटाकर कोर्ट को दे।

### एक्सपायर्ड सलाइन से मौत मामले में शुभेंदु ने ममता और स्वास्थ्य सचिव की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**❑ सलाइन कांड के खिलाफ मेदिनीपुर में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए भाजपा नेता**



विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने हाल ही में सरकारी मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कथित रूप से एक्सपायर्ड हो चुके सेलाइन चढ़ाने से हुई मौतों के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी और स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा नेता ने इस घटना के खिलाफ मंगलवार को मेदिनीपुर शहर में नागरिक समाज के एक वर्ग द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया, जहां उक्त अस्पताल स्थित है और उन्होंने वहां यह मांग उठाई। शुभेंदु ने दावा किया कि राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को राज्य के सरकारी अस्पतालों में रिंगर लैक्टेट की आपूर्ति जारी रखने की अनुमति दी, जबकि उसी इकाई को कर्नाटक सरकार ने काली सूची में डाल दिया था। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य विभाग पर महिला व शिशु की मौत मामले में हाल में अस्पताल से जुड़े 12 डॉक्टरों को निलंबित करने के फैसले की भी आलोचना करते हुए राज्य सरकार पर सारा दोष डाक्टरों पर डालने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य सरकार से डॉक्टरों के निलंबन को तुरंत रद्द करने की मांग की। शुभेंदु ने मामले की उचित व निष्पक्ष जांच की भी मांग की और कहा कि यह पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा की जा रही पक्षपातपूर्ण जांच से अलग हो। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा दिए जाने की भी मांग की। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि घटना को दबाने के लिए चुपचाप मामूली रकम नहीं दी जानी चाहिए।

## बासंती में नाबालिग से दुष्कर्म-हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**❑ नाबालिग का नग्न अवस्था में शव उसके घर के पास एक खेत से किया गया था बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती में एक नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के सिलसिले में पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान दीपेन कयाल और बुद्धदेव भट्टाचार्य के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार की शाम को लड़की का नग्न अवस्था में शव उसके घर के पास एक खेत से बरामद किया गया था। शव खेत में मिट्टी के नीचे दबा हुआ था। जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग लड़की का शव बरामद होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और इलाके के लोगों से पूछताछ की। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए दो लोगों के नाम संदिग्ध के रूप में सामने आए। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और उनके बयानों में कई विसंगतियां मिलीं। इसके बाद, मंगलवार की सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है। उल्लेखनीय है कि कक्षा आठ की पीड़िता छात्रा नौ जनवरी से ही लापता थी।पीड़िता के स्वजनों ने 12 जनवरी को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के माता-पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी नौ जनवरी की दोपहर को एक स्थानीय युवक के बुलाने पर घर से बाहर गई थी, तब से ही लापता थी। पुलिस ने कहा कि हमें संदेह है कि पहले उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और फिर उसके शव को दफना दिया गया। परिवार ने दोषियों का पता लगाकर उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की है।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक से नदारद रहे शुभेंदु, सुकांत का तंज... 'वह सबसे व्यस्त नेता हैं'


**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने मंगलवार को कोलकाता में पार्टी के एक विशेष संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया, हालांकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी फिर से इस संगठनात्मक बैठक से अनुपस्थित रहे। जब इस बारे में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार से पूछा गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह (शुभेंदु) बंगाल के सबसे व्यस्त नेता हैं। पत्रकारों के सवाल पर शुभेंदु की अनुपस्थिति पर नाराजगी भरे लहजे में सुकांत ने कहा कि उन्हें बैठक में आने का समय कहां है। वह सबसे व्यस्त नेता हैं। इस बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सभी केंद्रीय पर्यवेक्षक, विधायक, सांसद, जिला अध्यक्ष




आदि सभी प्रमुख नेता मौजूद थे। लेकिन सिर्फ शुभेंदु नदारद थे। दरअसल, यह पहली बार नहीं है, इससे पहले हाल ही में कई अन्य संगठनात्मक बैठकों से भी शुभेंदु अनुपस्थित रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक बैठक में केंद्रीय नेताओं ने भाजपा बूथ समितियों के गठन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। हालांकि, पार्टी को अल्पसंख्यक क्षेत्रों में बूथ समितियों को लेकर कोई विशेष चिंता नहीं है।

## हावड़ा डिवीजन में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण 23 से 26 जनवरी तक कई ट्रेनें रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन में चल रहे ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण 23 जनवरी से 26 जनवरी तक कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह ब्लॉक 66 मीटर स्पैन गर्डर लॉन्चिंग के संबंध में किया जा रहा है, जो हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच नए 2 लेन बेनारस रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के तहत आवश्यक है। इस दौरान कई ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनें रद्द कर दी जाएंगी। 23 जनवरी से 26 जनवरी तक रद्द होने वाली ट्रेनों में बंडेल से हावड़ा जाने वाली 15 ट्रेनें, शेउराफुली से हावड़ा की 11 ट्रेनें, बेलूर मठ से हावड़ा की 2 ट्रेनें, श्रीरामपुर से हावड़ा की 2 ट्रेनें, हावड़ा से बंडेल जाने वाली 15 ट्रेनें, हावड़ा से शेउराफुली की 11 ट्रेनें, हावड़ा से बेलूर मठ की 2 ट्रेनें और



हावड़ा से श्रीरामपुर की 2 ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, 37202 बंडेल-हावड़ा मातृभूमि लेडीज स्पेशल ट्रेन भी 23 जनवरी से 26 जनवरी तक रद्द रहेगी। इसकी जगह एक डाउन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन बंडेल से हावड़ा के बीच चलेगी, जिसे सभी यात्री इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके साथ ही, 23 जनवरी से 26 जनवरी तक हावड़ा और बंडेल के बीच चार जोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें हावड़ा से बंडेल और बंडेल से हावड़ा के बीच निर्धारित समयों पर चलेंगी।

## बनगांव में बांग्लादेशी घुसपैठिया समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव इलाके में एक बांग्लादेशी घुसपैठिया समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार घुसपैठिये का नाम सजल कुमार है। वह बांग्लादेश के कंकड़ाआछारी जिले में रहता है। जबकि, गिरफ्तार दूसरे व्यक्ति का नाम अशोक चक्रवर्ती है, जो दलाल बताया जा रहा है। बताया गया है कि करीब तीन महीने पहले सजल कुमार अवैध रूप से सीमा पार कर बांग्लादेश से बनगांव आया था। वह अशोक चक्रवर्ती नामक एक दलाल के घर में अपना रिश्तेदार बताकर छिपा हुआ था। यह खबर पुलिस तक पहुंची।

इसके बाद, गत सोमवार की रात जांचकर्ताओं ने जयपुर के फुलताला कॉलोनी इलाके में छापेमारी की। उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।



उसके बयान में कई विसंगतियां पाई गईं। वह इस देश में अपने निवास को साबित करने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस पूछताछ में उसने आखिरकार सबकुछ कबूल कर लिया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि वह व्यक्ति फर्जी दस्तावेज बनाकर इस देश का नागरिक बनने की योजना बना रहा था।

पुलिस ने अशोक चक्रवर्ती नाम के व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। जांचकर्ताओं को पता चला है कि गिरफ्तार अशोक सीमा पार कराने में दलाल के काम में संलिप्त था। गिरफ्तार लोगों को मंगलवार की सुबह बनगांव उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

## गरिया ढलाई ब्रिज पर मेटाडोर ने ऑटो की मारी टक्कर, ऑटो चालक समेत 6 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** गरिया ढलाई ब्रिज पर मंगलवार को यात्रियों से भरा ऑटो एक अनियंत्रित मेटाडोर की टक्कर से पलट गया और ऑटो चालक समेत 6 लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, घायलों में से एक व्यक्ति का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना में तीन और ऑटो दुर्घटनाग्रस्त भी हो गए। घातक मेटाडोर का चालक फरार है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 9 बजे गरिया ढलाई ब्रिज पर एक मेटाडोर कार विपरीत दिशा से आई और अनियंत्रित गति से एक यात्री ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण 2-3 ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेटाडोर की टक्कर से ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार यात्री घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है।

## हावड़ा में हाई ड्रेन से मिली वृद्धा का शव, संदिग्ध मौत से इलाके में मचा हड़कंप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डुमुरजला स्टेडियम के पास शैलेन मन्ना सड़कीय क्षेत्र में स्थित एक हाई ड्रेन से एक वृद्धा का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक महिला की पहचान गंगा दास (70) के रूप में हुई है, जो 2 जनवरी से लापता थीं। मंगलवार सुबह स्थानीय निवासियों ने नाले में एक शव तैरते हुए देखा और तुरंत चटर्जीहाट थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बाहर निकाल लिया। मृतक की बेटी भी घटनास्थल पर पहुंची और बताया कि उसकी मां के साथ किसी प्रकार का कोई विवाद या झगड़ा नहीं हुआ था, जिससे यह घटना और भी संदिग्ध बन गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब का 9वां लिट्टी चोखा भोजोत्सव संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब की तरफ से रविवार को 9वां लिट्टी चोखा भोजोत्सव बर्मन रोड के सिटी सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अयोजक अनीश सिद्दीकी और मो. आफताब ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद नदीमुल हक, वार्ड 43 के पार्षद मो. ताज, वार्ड 44 की पार्षद रेहाना खातून, पार्षद विजय उपाध्याय, सोफिया खान, श्याम प्रकाश पुरोहित, अमित मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, दारा सिंह, अशोक ओझा, राजीव रॉय, अयाज अहमद खान (गुड्डू), नौशाद अली, इजाज अहमद, विकास शर्मा, संतोष सिंह, आनंद सिंह गुड्डु समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यकर्म को सफल बनाने में मोहित शर्मा, समीर आलम, मिराज अहमद, जाकिर खान, आदिल लिलघर, तारिक चौहान, शबबाज खान, जावेद अहमद, नौशाद बादशाह, फैयाज अहमद, असलम हुसैन, मो. तारिक, बारिक अली, मो. सौकत, राजकुमार सिंह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने लॉन्च किया नया फर्स्ट अर्न रूपे क्रेडिट कार्ड

**मुंबई/कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत के ग्लोबल कार्ड पेमेंट नेटवर्क, रूपे के साथ मिलकर यूपीआई-सक्षम रूपे क्रेडिट कार्ड, फर्स्ट अर्न लॉन्च किया है। यह क्रेडिट कार्ड फिक्स्ड डिपॉजिट के आधार पर मिलता है, जिससे हर व्यक्ति इसके लिए आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह कार्ड यूपीआई पेमेंट्स पर कैशबैक भी प्रदान करता है, जो इसे उपयोगकर्ताओं के लिए फायदेमंद और आकर्षक बनाता है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग और लॉयल्टी के प्रमुख शिरीष भंडारी ने कहा, फर्स्ट अर्न रूपे क्रेडिट कार्ड खासतौर पर पहली बार क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वालों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### एलएंडटी फाइनेंस ने एफवाई25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि. (एलटीएफ) का समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। जो 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीनों की तुलना में 14 फीसदी की वृद्धि है। कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 626.40 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए 15,210 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेलडिसबर्समेंट दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। तिमाही के दौरान रिटेलबुक का आकार 92,224 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 23 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, 'माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कुछ मैक्रो (वृहद) चुनौतियों के बावजूद हमने स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। हमें उम्मीद है कि अगली कुछ तिमाहियों में माहौल काफी बेहतर होगा।

## हजारों समर्थकों के साथ डीआरएम कार्यालय पहुंचे मंत्री बेचाराम मन्ना

**❑ डीआरएम को सौंपा ज्ञापन, 18 जगहों पर अंडरपास या सबवे की मांग**

**हुगली :** राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना के नेतृत्व में सिंगुर, हरिपाल और चंडीतला ब्लॉक से हजारों समर्थक हावड़ा डीआरएम कार्यालय पहुंचे। मंत्री बेचाराम मन्ना ने हावड़ा डीआरएम संजीव कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिये हावड़ा डीआरएम से हावड़ा-बर्दवान कॉर्ड लाइन और मेन लाइन के तकरीबन 18 रेलवे फाटक के नजदीक से सबवे बनाने की मांग की। इसके साथ ही सिंगुर आंदोलन लोकल को पुनह चालू करने की मांग की। मंत्री बेचाराम मन्ना ने बताया कि ग्रामीण आबादी 90 फीसदी कृषि पर निर्भर करती है। एक बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। स्कूली बच्चों से लेकर नित्य काम पर जाने वालों एवं कृषकों को अंडरपास नहीं होने की वजह से जान हथेली पर लेकर लाइन पर करना पड़ता है। हावड़ा बर्दमान में लाइन शाखा के विभिन्न रेलवे स्टेशन से हाई स्पीड ट्रेन वंदेभारत, राजधानी समेत कई जोड़ी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है। जिससे ग्रामीणों को जान का जोखिम बना रहा है। जगहों पर अंडरपास या सबवे की मांग की गई है।

इनमे से जनाई रोड, पंचघरा, कालीतला, बेगमपुर, खारसराय, बरुईपाड़ा, श्यामपुर, मिर्जापुर, बांकीपुर, बलरामबाटी, कमारकुंडु, मन्नापाड़ा, खगरागाछी मधुसूदन, नचिनडांगा रेलवे फाटक और हावड़ा तारकेश्वर लाइन पर,



सिंगूर स्टेशन के समीप दलुइगाछा, नलिकुल स्टेशन बाजार, दक्षिण हारा गांव, हरिपाल पुलिस स्टेशन समीप फ्लाईओवर या सबवे के निर्माण की मांग रखी गई। मन्ना ने कहा कि रेलवे की अनदेखी नजरअंदाजी के वजह से अनेकों तक चली गई। उनका आंदोलन इसके खिलाफ जारी था और जारी रहेगा। केंद्र सरकार का राज्य सरकार से दोहरा मापदंड रहा है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। हावड़ा बिष्णुपुर लाइन के भवदिघी की समस्या का समाधान कर रेल सेवाओं के विस्तार की मांग की गई। मौके पर राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना के साथ आरामबाग सांसद मिताली बाग, सांसद प्रसून बनर्जी, विधायक डॉ. कार्बी मन्ना, विधायक स्वाति खांडेकर, हुगली जिला परिषद अध्यक्ष रंजन धारा और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## ऑपरेशन के दौरान ओटी में एसिड से सफाई, स्वास्थ्य विभाग ने तलब की रिपोर्ट

**हावड़ा :** उलुबेड़िया मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट तलब की है। खबरों के अनुसार, जब ऑपरेशन थिएटर में एक महिला का ऑपरेशन चल रहा था, तभी ऑपरेशन कक्ष में म्यूरियाटिक एसिड से सफाई की जा रही थी। इस दौरान एसिड के प्रभाव से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को खांसी की समस्या उत्पन्न हो गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मानते हैं कि ओटी में फ्यूमिगेशन (जैविक रूप से नष्ट करने की प्रक्रिया) के दौरान मरीज को खतरा हो सकता है। विभाग के उच्च अधिकारियों ने सवाल उठाया है कि सफाई के दौरान ऑपरेशन क्यों जारी था और ओटी को बंद किए बिना फ्यूमिगेशन क्यों किया गया। इसके अलावा, ओटी कक्षों की संख्या कम होने के बावजूद स्वास्थ्य भवन को इसके बारे में जानकारी क्यों नहीं दी गई, यह भी एक बड़ा सवाल है।

इस घटना के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि मेदिनीपुर में प्रसूति के दौरान संक्रमण से एक महिला की मौत हो चुकी थी। उलुबेड़िया मेडिकल कॉलेज के ओटी में घटी इस घटना ने अस्पताल में भयावह स्थिति पैदा कर दी। यह भी जानकारी मिली है कि ओटी के ड्रग कार्नर के नीचे कीचड़ जमा हुआ था, जबकि ऑपरेशन टेबल पर मरीज लेटी हुई थी। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया है।

# हावड़ा में फाइलेरिया के पांच नए मामले सामने आए, प्रशासन ने उठाए ठोस कदम

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम के चार वार्डों में फाइलेरिया रोग के पांच नए मामलों की पुष्टि हुई है। ये सभी मामले हावड़ा नगर निगम के वार्ड नंबर 10, 11, 29 और 36 के स्कूलों से जुड़ी बच्चों में पाए गए हैं। फाइलेरिया क्यूलैक्स मच्छर के काटने से फैलता है और एक बार यह रोग




हो जाने पर मरीज को जीवनभर शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, खासकर हाथ और पैरों में सूजन की समस्या बढ़ जाती है। फाइलेरिया रोग में शुरुआत में बुखार आता है, इसके बाद शरीर के अंगों में सूजन उत्पन्न होती है। इस रोग को नियंत्रित करने के लिए हावड़ा नगर निगम और जिला स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत कदम उठाए हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 10 फरवरी से 28 फरवरी तक विभिन्न वार्डों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाइयां दी जाएंगी। इसके अलावा, घर-घर जाकर भी दवाइयां वितरित की जाएंगी।

फाइलेरिया के खिलाफ दवाइयों का वितरण 12 साल और उससे ऊपर के सभी नागरिकों को किया जाएगा। एल्बेंडाजोल और डीईसी नामक दवाइयां दिए जाने की योजना है। हावड़ा के नगर प्रशासनिक अधिकारी सुजॉय चक्रवर्ती ने बताया कि हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में पहले फाइलेरिया रोग का उन्मूलन किया गया था, लेकिन अब पांच बच्चों में फिर से यह रोग सामने आया है। प्रशासन इस स्थिति को गंभीरता से ले रहा है और सुनिश्चित करेगा कि आगे से कोई और इस रोग से प्रभावित न हो।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की सामुदायिक समर्थन के लिए नई पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ), सियालदह द्वारा सामुदायिक कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन ने स्वास्थ्य जांच शिविरों, विशेष बच्चों के लिए खेलकूद आयोजनों और



गरीब महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने जैसी कई सामाजिक पहलों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसी के तहत मंगलवार को ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष गुंजन निगम के नेतृत्व में संगठन की टीम ने ऑल बंगाल वुमेंस यूनियन का दौरा किया। इस दौरान, संगठन ने वृद्धाश्रम के निवासियों और बच्चों को फूड पैकेट्स, मिठाइयां और हेल्थ ड्रिंक वितरित किए। इसके अलावा, अनाथ लड़कियों के स्कूल को अध्ययन सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबड़ आदि दान किए गए। टीम ने निवासियों के साथ दिल से संवाद किया और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। एक वृद्ध निवासी ब्रिद्धा दी ने पुराना लोक गीत डुमरी गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। यह पहल ईआरडबल्यूडबल्यूओ के समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और उनकी भलाई के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का उदाहरण है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जयपुर साहित्य उत्सव 30 जनवरी से तीन फरवरी तक

**जयपुर :** जयपुर साहित्योत्सव (जेएलएफ) का आयोजन होटल क्लार्क्स आमेर में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक होने जा रहा है। जेएलएफ की आयोजक कंपनी टीमवर्क आर्ट्स द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार नोबेल-बुकर पुरस्कार विजेताओं से लेकर, नीति-निर्माताओं और प्रसिद्ध लेखकों समेत लगभग 600 हस्तियां इस बार जेएलएफ में शामिल होंगी। जेएलएफ की सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा, गुलाबी शहर की शानदार विरासत, परंपरा और आधुनिक महानगरीय जीवन का मिश्रण इस फेस्टिवल की मूल प्रेरणा है।'' टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने कहा, पिछले 18 वर्षों में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल विचारों और कहानियों का एक सच्चा उत्सव बन गया है और इसकी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय जयपुर शहर और इसके नागरिकों को जाता है।''

### संभल दंगों की जांच के लिए न्यायिक आयोग ने मौके का दौरा कर सुनवाई शुरू की

**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुए दंगों से प्रभावित इलाकों का मंगलवार को निरीक्षण किया और लोगों के बयान दर्ज करने के लिए सुनवाई शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले साल के अंत में गठित आयोग ने शाही जामा मस्जिद क्षेत्र सहित इन स्थानों का फिर से दौरा किया, जहां 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। न्यायिक आयोग में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा, उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक अरविंद कुमार जैन और राज्य के पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। सरकार ने आयोग का गठन दंगों की जांच करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किया है। इसके पहले भी आयोग ने संभल का दौरा किया था। आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई और मुरादाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज जी भी थे।

# जनता की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित तथा संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें और इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर के प्रवास के दौरान मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में



करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी 'इस्टीमेट' की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। बयान के अनुसार, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

### महाकुंभ में होगी एनिमेटेड फिल्म रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम की विशेष स्क्रीनिंग

**महाकुंभ नगर :** भारतीय-जापानी एनिमेटेड फिल्म रामायण: द लेजेंड ऑफ प्रिंस राम के हिंदी संस्करण का प्रदर्शन बुधवार 22 जनवरी को यहां महाकुंभ में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक इस एनिमेटेड फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग दिव्य प्रेम सेवा शिविर में बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे होगी। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह स्क्रीनिंग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस साल के भव्य और दिव्य महाकुंभ के लिए शुरू की गई कई नई सुविधाओं में से एक है। बयान में कहा गया है कि आयोजन के इतिहास में पहली बार उत्सव के दौरान एक एनिमेटेड फिल्म दिखाई जाएगी। यह फिल्म भगवान श्री राम के असाधारण जीवन, उनकी अटूट भक्ति और बुराई पर धर्म की जीत को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

## जेपीसी बैठक : शिया वक्फ बोर्ड ने जताई 'वक्फ बिल इस्तेमाल' संपत्तियों के भविष्य को लेकर चिंता




**लखनऊ :** वक्फ संशोधन विधेयक के सिलसिले में गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मंगलवार को यहां एक अहम बैठक हुई। बैठक में शिया वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि तथा सरकार के नुमाइंदे शामिल हुए। बैठक में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बैठक में जेपीसी सदस्यों के सामने वक्फ संपत्तियों से जुड़े विभिन्न पक्षकारों ने अपनी-अपनी बात रखी। राजभर ने कहा, ''सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है। वह वक्फ संपत्तियों का लाभ गरीब मुसलमानों को भी देना चाहती है।'' उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, ''जिन लोगों ने वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जा किया है, वे ही वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं।''

## महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच होगी अनिवार्य: दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी

**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना के बाद श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा रसोई गैस (एलपीजी) सिलेण्डर से जुड़ी सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के अनुसार इस बैठक में विभागीय अधिकारियों, एलपीजी वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी रिसाव से हो रही



दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में दिए गए दिशानिर्देशों के मुताबिक एलपीजी सिलेण्डरों में रिसाव की जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। रिसाव की पुष्टि होने पर सिलेण्डर की आपूर्ति रोक दी जाएगी। उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर मानक के अनुसार न होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिये गये। मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों के दलों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगे। मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किलोग्राम गैस तक ही भण्डारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड के जंगल से 20 से अधिक आईईडी, जिलेटिन की छड़ें बरामद

**चाईबासा :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में मंगलवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने जंगल से 20 से अधिक देशी संवर्द्धित विस्फोटक (आईईडी) और 50 से अधिक जिलेटिन की छड़ें बरामद कीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सेरेंगडा गांव के निकट जंगल से कुल 21 आईईडी बरामद किए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा क्षेत्र से जिलेटिन की 55 छड़ें जब्त कर उन्हें नष्ट कर दिया गया।

## अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध: गौतम अदाणी

**महाकुम्भ नगर :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी पत्नी प्रीति अदाणी के साथ में महाकुम्भ आए अदाणी ने कहा, उत्तर प्रदेश में कई अवसर मौजूद हैं और प्रदेश सरकार विकास को लेकर जिस दिशा में काम कर रही है उसमें अदाणी समूह का निरंतर योगदान रहेगा। अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुम्भ के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, यहां की भव्यता तथा



व्यवस्था के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देशवासियों की तरफ से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, इस मेले में करोड़ों लोग आते हैं और यहां सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं प्रबंधन संस्थान और औद्योगिक घराने के लिए शोध का विषय है। यहां आकर बेहद अद्भुत महसूस हुआ। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि गौतम अदाणी ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी के साथ गंगा में स्नान किया और पूजा अर्चना की। वे गंगा तट पर स्थित शंकर विमान मंडपम मंदिर भी गए। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह ने महाकुम्भ मेले में प्रसाद वितरण के लिए इस्कॉन के साथ गठबंधन कर रखा है। गौतम अदाणी प्रसाद वितरण सेवा में शामिल होने के लिए ही प्रयागराज पहुंचे हैं।

## भूमि विवाद, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करें अधिकारी : झारखंड के राजस्व मंत्री

**रांची :** झारखंड के भूमि एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने अधिकारियों से भूमि संबंधी विवादों और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित करने को कहा। एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि विभाग के अधिकारियों को एक ही भूमि पर दोबारा दाखिल खारिज के लिए आवेदन करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि फर्जी दाखिल खारिज को रोका जा सके। मंत्री ने धोखाधड़ी से उत्पन्न भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की। आधिकारिक बयान के अनुसार, बिरुआ ने कहा, जब कोई व्यक्ति बैनामा के लिए आवेदन करता है, तो उसे एक विशिष्ट बैनामा संख्या दी जाती है। हालांकि, दस्तावेज में छोटी-मोटी विसंगतियों को बैनामा रद्द करने के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कुछ दिनों बाद, उसी बैनामा संख्या के लिए 'यूनिक नंबर' में हेरफेर करके फिर से आवेदन किया जाता है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। यह प्रथा लंबित दाखिल खारिज मामलों की बढ़ती संख्या में भी योगदान दे रही है।

## महाकुम्भ में किन्नर अखाड़े में उमड़ रहे श्रद्धालु

**महाकुम्भनगर :** प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ में किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। किन्नर वर्ग के लिए दस साल पहले 'अखाड़ा' पंजीकृत कराने के दौरान समुदाय को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका



आशीर्वाद लेने पहुंची रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने उम्मीद जगाई है कि आखिरकार समाज उन्हें स्वीकार करेगा। तीन हजार से अधिक किन्नर लोग अखाड़े में रह रहे हैं और संगम में डुबकी लगा रहे हैं। इनमें अधिकांश ऐसे हैं जिनके परिवार ने उन्हें छोड़ दिया था। खुद की पहचान महिला के रूप में करने वालीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पवित्रा नंदन गिरि ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि समाज ने हमेशा किन्नरों का तिरस्कार किया है। उन्होंने कहा, ''हमें हमेशा से हीन भावना से देखा जाता रहा है। जब हमने अपने लिए अखाड़ा पंजीकृत कराना चाहा, तो हमारे धर्म को लेकर सवाल उठाए गए। हमसे पूछा गया कि हमें इसकी क्या जरूरत है? विरोध के बावजूद, हमने 10 साल पहले इसे पंजीकृत कराया और यह हमारा पहला महाकुम्भ है।'' अखाड़े ऐसी संस्थाएं हैं जो विशिष्ट आध्यात्मिक परंपराओं और प्रथाओं के तहत संतों (तपस्वियों) को एक साथ लाती हैं। गिरि ने कहा, ''आज हम भी संगम में डुबकी लगा सकते हैं, अन्य अखाड़ों की तरह शोभा यात्रा निकाल सकते हैं और अनुष्ठान कर सकते हैं। अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और हमारा आशीर्वाद लेने के लिए लंबी कतार लग रही है।

## महाकुंभ : पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभ नगर :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने पत्नी एवं पुत्री के साथ संगम की पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) बालाजी ने बताया कि मंत्री ने संगम घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति का हाथ पकड़ कर स्नान करने में उनका सहयोग किया। उन्होंने बताया कि पूर्व



राष्ट्रपति ने स्नान के बाद मंत्रोच्चारण के बीच सपरिवार मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की। स्नान और पूजा अर्चना के बाद पूर्व राष्ट्रपति मेला क्षेत्र के सेक्टर-24 में नंदी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे जहां उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया।

समाज्ञा

# मनोरंजन



# सोने की चिड़ियाँ

एक बार ढोलकपुर जंगल में कू-कू कोयल बहुत ही मीठा गाना गा रही थी। मैं हूँ कू-कू कोयल। गाती हूँ सुंदर मीठा-मीठा गाना। तुम सब भी सुनकर आ जाना, आ जाना आ जाना। उसकी आवाज दूर-दूर तक सबको सुनाई दे रही थी। तभी उसकी आवाज सुन कर एक जादूगर वहाँ आता है, और उससे कहता है। वाह, कू-कू कोयल तुम्हारी आवाज तो बहुत मीठी है। बिल्कुल खरा सोना है। सोना.. हाँ । तभी जादूगर आबरा-का डाबरा बोलता और कू-कू कोयल से कहता है, तुमअब से जब भी गाना गाओगी और गाते समय अगर तुम्हारे मुंह से एक भी बूँद पानी की नीचे गिर गई तो वो बूंद सोने में बदल जाएगी, लेकिन तुम्हें एक बात का हमेशा ख्याल रखना होगा कि तुम कभी ऐसे लोगों के सामने नहीं गाना जो तुमको किसी भी तरह से नुकसान पहुचाएं।

ऐसा बोलने के बाद जादूगर वहाँ से चला जाता है। इधर कू-कू कोयल फिर से गाना गाने लगती है। तभी वहाँ पर चम्पा लोमड़ी आती है और वो कू-कू कोयल का गाना सुनने लगती है। गाना गाते-गाते कू-कू कोयल के मुहँ से पानी गिरता है। पानी के नीचे गिरते ही वो सोने में बदल जाता है। चम्पा लोमड़ी अपने सामने सोना देख कर बहुत खुश हो जाती है और झट से सोना उठाती है फिर वहाँ से बहुत तेज दौड़ लगाते हुए अपने घर पहुँचती है। इधर कू-कू कोयल गाना गाती रहती है। तभी वहाँ पर एक शिकारी आता है। शिकारी पेड़ के नीचे बैठकर कू-कू कोयल का गाना सुनने लगता है। कू-कू कोयल गाना गा ही रही थी कि फिर से उसके मुहँ से पानी नीचे गिरता है। मुहँ का पानी नीचे पहुंचते ही सोने में बदल जाता है। अपने सामने शिकारी सोना देख कर बहुत खुश हो जाता है। वो झट से उसे उठा लेता है। तभी शिकारी फिर देखता है कि ऊपर से पानी की एक ओर बूंद गिरी जो सोने में बदल गई। शिकारी फिर खुश होता है और उसे भी अपने पास रख लेता है। ऐसे करते हुए कई बूंदे ऊपर से नीचे गिरती है जो सोने में बदलती जाती है। शिकारी मन में सोचता कि शायद आसमान से सोने की बारिश हो रही है और ये सोचते हुए वो एक-एक कर के सोना उठाता जाता है। तभी शिकारी कि नजर गाना गा रही कू-कू कोयल पर जाती है। और वो देखता है कि ये सोने वाला पानी तो कू-कू कोयल के मुहँ से निकल रहा। फिर वो बिना देरी किये कोयल को पकड़ने के बारे में सोचता है क्योंकि कू-कू कोयल को पकड़ कर वो बन जाएगा अब बहुत-बहुत अमीर। इधर कू-कू कोयल गाना गाने में इतना खो जाती है कि उसे इस बात का भी ध्यान नहीं रहता कि उसके आस-पास कौन है। फिर शिकारी बहुत धीरे से अपना जाल फेकता है और कू-कू कोयल को पकड़ लेता है। जाल में फँसते ही कू-कू कोयल कहती है धत-तेरी कि ये क्या कर बैठी मैं। जादूगर ने कहा भी था मुझसे कि आपने आस-पास के लोगों से बच कर रहना। अब देखो मैंने अपनी लापरवाही के चक्कर में क्या कर लिया। जाल में फंस गई।

इधर कू-कू कोयल को ले जाते हुए शिकारी अपने मन में सोचता है कि क्यों न इस कोयल को राजा को ही दे दूँ। अगर राजा को दे दिया तो राजा इसके बदले मुझे राजमहल में रहने देंगे। फिर पूरी ज़िंदगी आराम से बीतेगी मेरी। हाँ यही सही रहेगा। ऐसा सोचते हुए शिकारी राजा के पास पहुंचता है और उसे सारी बात बताता है। राजा कोयल को लेने और उसके बदले शिकारी को अपने राज्य महल में रहने देने की बात मान जाता है। तभी वहाँ पर राजा का मंत्री आता है और उससे बोलता है कि महाराज, ये शिकारी झूठ बोल रहा। आपने कभी सुना या देखा भी है क्या किसी चिड़ियाँ के मुहँ से सोना निकले। भई मैंने तो नहीं देखा। मंत्री कि बात सुन कर राजा शिकारी से कहता है कि पहले मुझे सोना दिखाओ। आखिर ये कोयल कैसे सोना निकालती है। मैं भी तो देखूँ। राजा की बात सुन कर शिकारी कोयल से गाना गाने को कहता है। लेकिन कोयल तो इस बार कोई गलती नहीं करना चाहती थी, इसलिए वो अपना मुहँ ही नहीं खोलती। शिकारी के बहुत बार कहने पर भी जब कोयल गाना नहीं गाती तब राजा को ये सब देख कर गुस्सा आ जाता है और वो अपने सिपाहियों से कह कर कोयल को जाल से निकाल देता है और शिकारी को पकड़ लेता है। जाल से निकलते ही कोयल गाना गाना शुरू करती है ..कू-कू मैं हूँ कू-कू कोयल गाती हूँ मीठा-मीठा सुंदर गाना, जिसे सुनकर तुम सब मेरे पास और फिर तभी उसके मुहँ से फिर से पानी नीचे गिरता है जो सोने में बदल जाता है। राजा ये सब बस देखता ही रह जाता है और अपने सिपाहियों से कोयल को पकड़ने को कहता है। लेकिन इस बार कू-कू कोयल पहले जैसी कोई भी गलती नहीं करती है और वहाँ से उड़ती हुई सीधे ढोलकपुर जंगल पहुँचती है।

**मोरल– इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें हमेशा अपने बड़ों की बात माननी चाहिए, साथ ही हमेशा सतर्क भी रहना चाहिए।**

# लड़का और उसका दोस्त मोर



एक बार की बात है, एक गाँव में राज नाम का एक युवा लड़का रहता था। राज पूरे गाँव में अपनी दयालुता और जानवरों के प्रति प्रेम के लिए जाना जाता था। उनके घर के पास जंगल में रहने वाले एक राजसी मोर के साथ उनका विशेष बंधन था।

राज हर दिन स्कूल के बाद अपने पंख वाले दोस्त से मिलने जंगल जाता था। वे एक साथ घंटों बिताते थे, मोर अपने सुंदर पंख दिखाता था और राज उसकी आवाज़ की मनमोहक ध्वनि सुनता था।

एक दिन, राज ने कुछ ग्रामीणों को मोर के बारे में बात करते हुए सुना। उन्होंने बताया कि उसके पंख कितने मूल्यवान हैं और वे बाजार में कितनी ऊंची कीमत पा सकते हैं। राज के मन में लालची विचार आने लगे और उसने सोचा कि क्या वह मोर को पकड़ सकता है और उसके पंख बेचकर अपने परिवार का जीवन बेहतर बना सकता है।

अगले दिन राज अपने साथ जंगल में जाल लेकर आया। उसने मोर को उस समय पकड़ने की योजना बनाई जब वह नृत्य कर रहा था और अपने पंख प्रदर्शित कर रहा था। जैसे ही वह पास आया, उसने देखा कि मोर के पंख सूरज की रोशनी में चमक रहे थे। लेकिन जब उसने उस पर जाल फेंकने की कोशिश की, तो मोर ने एक शोकपूर्ण चीख निकाली और डर के मारे फड़फड़ाने लगा।

राज को अपनी गलती का एहसास हुआ और वह अपने लालच पर बहुत शर्मिंदा हुआ। वह जानता था कि उसने अपने पंख वाले दोस्त के विश्वास को धोखा दिया है। वह एक पेड़ के तने पर बैठ गया और उसकी आँखों में आँसू भर आये। मोर, जो अभी भी पास ही था, ने उदासी और क्षमा के मिश्रण से राज की ओर देखा।

पश्चाताप महसूस करते हुए, राज ने मोर से माफी मांगी, मुझे अपने लालच के लिए बहुत खेद है। मैंने तुम्हें पैसे कमाने का साधन समझा, यह मेरी गलती थी। तुम मेरे दोस्त हो, और मुझे हमारी दोस्ती को बाकी सब चीजों से ऊपर रखना चाहिए था।

मोर ने राज की बात की गंभीरता को समझते हुए उसे माफ कर दिया। उस दिन से, राज मोर को पकड़ने के लिए नहीं बल्कि अपने प्रिय मित्र के साथ समय बिताने के लिए जंगल का दौरा करने लगा। उनका बंधन मजबूत हो गया, और मोर नाचता रहा और अपने पंख प्रदर्शित करता रहा, डर के कारण नहीं बल्कि इतना वफादार दोस्त पाकर खुशी के कारण।

**मोरल: लालच विश्वासघात और नुकसान का कारण बन सकता है। सच्ची मित्रता किसी भी भौतिक लाभ से कहीं अधिक मूल्यवान है।**

# जादूगर और उसकी जादुई गुफा

एक समय की बात है, पहाड़ियों के बीच बसे एक अनोखे गाँव में, मिस्टर विलार्ड नाम का एक दयालु जादूगर रहता था। मिस्टर विलार्ड पूरे गाँव में अपनी अविश्वसनीय जादुई करतबों के लिए जाने जाते थे, जो हमेशा युवाओं और बूढ़ों के चेहरों पर मुस्कान ला देते थे।

एक दिन, जब मिस्टर विलार्ड जंगल में टहल रहे थे, तो उन्हें एक छिपी हुई गुफा का पता चला। यह कोई साधारण गुफा नहीं थी; इसमें एक जादुई आभा थी जो उसे करीब खींचती थी। जिज्ञासा बढ़ी, श्री विलार्ड गुफा के अंदर चले गए।

उसे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि गुफा कल्पना से परे आश्चर्यों से भरी हुई थी। वहाँ किताबों से सजी अलमारियाँ थीं जिनमें लाखों साल पहले हमारे ऋषि-मुनियों के द्वारा लिखे हुए हजारों मंत्र और उनके रहस्य थे साथ ही वहाँ पर सैकड़ों जादुई रंग-बिरंगे चमकते क्रिस्टल थे जो सितारों की तरह गुफा को रोशन कर रहे थे और वहाँ कई प्रकार की मंत्रमुग्ध करने वाली पुरानी वस्तुएँ थीं।

श्री विलार्ड को एहसास हुआ कि वह अंतहीन जादू की गुफा में पहुँच गये हैं। उत्साह और संभावनाओं से उसका हृदय भर गया। उन्होंने अपने गांव में खुशियां लाने के लिए इस जादुई गुफा का उपयोग करने का फैसला किया।

हर दिन, श्री विलार्ड गुफा में जाते थे और नए मंत्र और तरकीबें सीखते थे। फिर वह गाँव लौटकर सभी गाँव वालों को अपना सीखा हुआ जादू दिखाते साथ ही वे उनके आंतरिक घरेलू व गाँव के मामलों मे भी जादू से मदद करते थे। सभी गाँव वाले उसकी क्षमताओं पर आश्चर्यचकित थे और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था क्योकि अब उनके सभी मामले बहुत ही आसानी से जादू से हल होने लगे थे।

लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, श्री विलार्ड ने ग्रामीणों में बदलाव देखा। वे आलसी हो गये थे और उसके जादू पर पूरी तरह से निर्भर हो गये थे। वे अब न तो कड़ी मेहनत करते थे और न ही स्वयं समस्याओं का समाधान करते थे। वे बस श्री विलार्ड द्वारा अपने जादू का उपयोग करके सब कुछ ठीक करने की प्रतीक्षा करते थे।

इसने श्री विलार्ड को बहुत परेशान किया। उन्हें एहसास हुआ कि उन्होंने अनजाने में उनकी आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प की भावना को छीन लिया है। वह जानता था कि उसे चीजें सही करनी होंगी।

एक दिन, उन्होंने ग्रामीणों से घोषणा की, मेरे प्यारे दोस्तों, मुझे एक बात कबूल करनी है। मैं जो जादू करता हूं वह सिर्फ मेरा नहीं है; यह जादू गाँव से दूर एक पहाड़ी पर बनी उस मंत्रमुग्ध गुफा से आता है। लेकिन केवल जादू पर भरोसा करने से हम प्रकृति का असली आनंद भूल गए हैं और जीवन की हर चुनौतियों का सामना करना और उन पर काबू पाना हमने लगभग भुला दिया है।

इसके साथ ही, श्री विलार्ड ग्रामीणों को जादुई गुफा तक ले गये। उन्होंने गुफा के द्वार को सील करने के लिए एक जादू किया और कहा, अब से, हम समस्याओं को




हल करने और खुशी पैदा करने के लिए अपने प्रयासों और सरलता पर भरोसा करेंगे।

ग्रामीण पहले तो चौंक गए लेकिन जल्द ही उन्हें श्री विलार्ड के शब्दों की समझदारी का एहसास हुआ। उन्होंने कड़ी मेहनत की, एक-दूसरे की मदद की और अपनी उपलब्धियों में खुशी पाई।

जैसे-जैसे समय बीतता गया, गाँव पहले की तरह समृद्ध हुआ। लोग पहले से कहीं अधिक खुश और संतुष्ट थे, और उन्होंने सीखा कि सच्चा जादू उनके भीतर ही निहित है।

**मोरल: मिस्टर विलार्ड और उनकी जादुई गुफा की कहानी हमें सिखाती है कि भले ही बाहरी मदद मूल्यवान हो सकती है, लेकिन जीवन का असली जादू हमारे अपने प्रयासों, दृढ़ संकल्प और संसाधनशीलता में निहित है। दूसरों या बाहरी स्रोतों पर बहुत अधिक भरोसा करने से हम अपनी क्षमता से वंचित हो सकते हैं।**

## आयकर विभाग ने फिल्म निर्माता दिल राजू और अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की

**हैदराबाद :** तेलंगाना में आयकर विभाग ने मंगलवार को तेलुगु फिल्मों के निर्माता दिल राजू और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कर चोरी के आरोपों के संबंध में यह छापेमारी की गई है। सूत्रों के अनुसार, कुछ अन्य फिल्म निर्माताओं से जुड़े ठिकानों की भी तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर में की गई इस छापेमारी के दौरान जुबली हिल्स और बंजारा हिल्स सहित कई परिसरों में तलाशी ली जा रही है। दिल राजू का वास्तविक नाम वेंकट रमण रेड्डी है और वह फिल्मों के प्रमुख निर्माता होने के साथ ही तेलंगाना फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष भी हैं।

# राहुल से डरती है सरकार, भाजपा-आरएसएस की 'विचाराधारा कायरों की': प्रियंका गांधी



**बेलगावी (कर्नाटक) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दोनों की विचारधारा ''कायरों'' की है, जबकि मुख्य विपक्षी दल देश के लिए मर-मिटने का विचार रखता है। उन्होंने यहां 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली' को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से डरती है क्योंकि वह संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण इस रैली में शामिल नहीं हो सके। प्रियंका गांधी ने रैली में कहा, ''यह संविधान कोई पुस्तक नहीं है, बल्कि आपका (जनता) सुरक्षा कवच है...बाबासाहेब ने इसमें लोकतंत्र की सुरक्षा समाहित की है।'' प्रियंका गांधी ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक न्याय और अधिकार का प्रतीक हैं। कांग्रेस नेता ने संसद में गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा, ''बहुत सरकारें आईं और बहुत सरकारें गईं, अनेक पार्टियों की सरकारें बनी, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई जिसके गृह मंत्री ने संसद में खड़े होकर बाबासाहेब का अपमान किया हो। आज तक कोई सरकार (सत्ता में) नहीं रही जिसके मंत्रियों ने चुनाव में घूम-घूम कर संविधान बदलने का ऐलान किया हो।''

## सीबीआई ने ईडी के सहायक निदेशक से जुड़े रिश्वत मामले में अपने डीएसपी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) बलबीर शर्मा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक से संबंधित रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार किया है, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश में एक छात्रवृत्ति घोटाले के संबंध में जांच के दायरे में आए शैक्षणिक संस्थानों से कथित तौर पर रिश्वत मांगी थी। यह जानकारी अधिकारियों ने को दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में सीबीआई की विशेष अपराध इकाई में तैनात शर्मा को एजेंसी ने सोमवार को चंडीगढ़ कार्यालय में उस मामले के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक विशाल दीप को पूर्व में कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि शर्मा को शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव की दौड़ में 699 उम्मीदवार शामिल, पांच फरवरी को मतदान



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या केवल 672 थी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, चर्चित सीट नयी दिल्ली पर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित से कड़ी चुनौती मिलेगी। नयी दिल्ली सीट पर उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 23 है। कुल 16 उम्मीदवारों के साथ जनकपुरी सीट नई दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि रोहतास नगर, करावल नगर और लक्ष्मी नगर में 15-15 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके विपरीत पटेल नगर और कस्तूरबा नगर सीट पर उम्मीदवारों की संख्या कम है और इन दोनों सीट से पांच-पांच उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे। अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पटेल नगर में वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या केवल चार थी। सभी 70 विधानसभा क्षेत्र में से 38 सीट पर 10 से कम उम्मीदवार हैं। तिलक नगर, मंगोलपुरी और ग्रेटर कैलाश जैसे विधानसभा क्षेत्रों में छह-छह उम्मीदवार हैं, जबकि चांदनी चौक, राजेंद्र नगर और मालवीय नगर सीट से सात-सात उम्मीदवार मैदान में हैं।

# राष्ट्रवाद के लिए खतरे के तौर पर उभर रहा जनसांख्यिकीय बदलाव : धनखड़



**रायपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि ''जनसांख्यिकीय बदलाव'' राष्ट्रवाद के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहा है। उन्होंने इसी के साथ प्रलोभन के माध्यम से ''नैसर्गिक जनसांख्यिकी'' को बदलने के प्रयासों के खिलाफ एकजुट प्रयासों का आह्वान किया। विद्यार्थियों के साथ ''बेहतर भारत के निर्माण के लिए विचार'' विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अवैध प्रवासन की समस्या से निपटने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इसने ''अप्रबंधनीय आयाम'' का आकार ले लिया है। राज्य की राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के छात्र मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा, ''चिंता का एक गंभीर कारण है जिसका हमें एकजुट होकर समाधान करने की जरुरत है। जनसांख्यिकीय बदलाव के रूप में हमारे राष्ट्रवाद के लिए खतरे उभर रहे हैं। जनसांख्यिकीय बदलाव बहुत गंभीर है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' नैसर्गिक जनसांख्यिकीय विकास सुखदायक, सामंजस्यपूर्ण है। लेकिन, अगर जनसांख्यिकीय विस्फोट केवल लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए होता है, तो यह चिंता का विषय है और हम प्रलोभन के माध्यम से धर्मांतरण का आयोजन कर रहे हैं।''

## उपासना स्थल कानून पर केंद्र के जवाब दाखिल करने के अधिकार को बंद करने का आग्रह

**नयी दिल्ली :** मथुरा शाही मस्जिद ईदगाह समिति ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर उपासना स्थल अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के केंद्र के अधिकार को बंद करने का अनुरोध किया है। समिति ने अपनी याचिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र पर मामले में जवाब देने में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है। शीर्ष अदालत ने मार्च 2021 में केंद्र को नोटिस जारी किया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने कई अवसर दिए जाने के बावजूद अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 17 फरवरी को होने वाली है और यह न्याय के हित में होगा यदि केंद्र का जवाब दाखिल करने का अधिकार बंद कर दिया जाए।

# सैफ का हमलावर सात माह पहले भारत में घुसा था, अवैध तरीके से हासिल किया सिम: पुलिस



**मुंबई :** अभिनेता सैफ अली खान पर 16 जनवरी को चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक सात महीने पहले अवैध रूप से देश में घुसा था और उसने मुंबई जाने से पहले सिम खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी एक व्यक्ति के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित आवास पर उन पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को पड़ोसी ठाणे शहर से आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, फकीर ने अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया था, और सात महीने पहले दावकी नदी पार करके अवैध रूप से भारत में घुसा था। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी पश्चिम बंगाल में कुछ सप्ताह तक रहा और नौकरी की तलाश में मुंबई आने से पहले सिम कार्ड खरीदने के लिए उसने एक स्थानीय व्यक्ति के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम कार्ड पश्चिम बंगाल निवासी खुकुमोनी जहांगीर सेखा के नाम पर पंजीकृत था। अधिकारी ने कहा कि फकीर ने अपने लिए भी आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा।

### हमले के पांच दिन बाद अभिनेता सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिली

अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार शाम यहां स्थित लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई। पांच दिन पहले उनके घर में कथित लूटपाट के प्रयास के दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें चाकू मारकर घायल कर दिया था। वह थोड़े कमजोर दिखे, लेकिन मुस्कराते हुए घर लौटे। अभिनेता की रीढ़ की हड्डी पर आई चोट के इलाज के लिए न्यूरोसर्जरी की गई और गर्दन तथा हाथों पर घावों को ठीक करने के लिए प्लास्टिक सर्जरी की गई। सफेद शर्ट, नीली जींस और काला चश्मा पहने 54 वर्षीय अभिनेता अस्पताल से बाहर निकलते समय मीडिया और प्रशंसकों की ओर हाथ हिलाते दिखे। सैफ के हाथ में पट्टी बंधी थी। उन्होंने इलाज के दौरान मिले समर्थन के लिए लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# कमल का बटन दबाते ही बिजली चली जाएगी: केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज होने के बीच आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मतदाताओं को आगाह करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर छह घंटे की बिजली कटौती फिर से शुरू हो जाएगी। आदर्श नगर निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने अपने नेतृत्व में दिल्ली में बदलाव का उल्लेख किया। बिजली आपूर्ति के बारे में उन्होंने कहा, ''आज दिल्ली को 24 घंटे बिजली मिलती है। 10 साल पहले, छह घंटे बिजली कटौती होती थी। भाजपा 20 राज्यों में सत्ता में है, फिर भी उनमें से कहीं भी 24 घंटे बिजली नहीं मिलती है।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''यदि आप गलत बटन दबाते हैं, तो दिल्ली में छह घंटे की बिजली कटौती फिर से शुरू हो जाएगी। जैसे ही आप कमल का बटन दबाएंगे, आपके घर पहुंचने से पहले ही बिजली चली जाएगी।'' उन्होंने दिल्ली में सस्ती बिजली दर का उल्लेख करते हुए आगाह किया, ''गुजरात में 400 यूनिट का बिल 4,500 रुपये आता है। लेकिन अगर आप यहां गलत बटन दबाते हैं, तो जल्द ही आपको बिजली के लिए 10,000 रुपये चुकाने पड़ेंगे।''

# पेपर लीक युवाओं के अधिकार छीनने का हथियार, संसद में उठाऊंगा मुद्दा: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों के आंदोलन का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि 'पेपर लीक भारत के गरीब युवाओं का अधिकार छीनने, उनके हुनर और सपनों को दबाने का हथियार है। उन्होंने यह भी कहा कि वह संसद में इस विषय को उठाएंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पिछने दिनों बीपीएससी परीक्षा में कथित पेपरलीक के खिलाफ आंदोलन कर रहे युवाओं से पटना में मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड करके लिखा, ''पेपर लीक भारत के गरीब युवाओं का अधिकार छीनने, उनके हुनर और सपनों को दबाने का हथियार है। हर भाजपा शासित प्रदेश में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं और उसके ऊपर से अपने हक की आवाज उठाते युवाओं पर बर्बरता के साथ अन्याय कर उनके विरोध को कुचला जाता है।'' उन्होंने कहा, ''हाल में बिहार में हुए बीपीएससी परीक्षा घोटाले और उसके बाद लाठीचार्ज और पुलिस द्वारा हिंसा से पीड़ित छात्रों से मुलाकात कर गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई।

## समाज्ञा व्यापार

## मारुति सुजुकी ने कार्तिक आर्यन को बनाया ब्रांड एम्बेसडर



**नयी दिल्ली :** प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपने ब्रेजा मॉडल के लिए अभिनेता कार्तिक आर्यन को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एमएसआईएल के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने यहां भारत मंडपम में वाहन प्रदर्शनी भारत मोबिलिटी ऑटो एक्सपो-2025 में कहा कि हम ऐसी कहानी बनाना चाहते थे जो हमारे ग्राहकों से जुड़ सके। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर उन्होंने कहा, 'इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है। हमें इस खंड में उतरने से पहले परिवेश तैयार करना होगा और फिर उसके बाद हम इस खंड में उत्पाद बेचेंगे।' उन्होंने कहा, 'ब्रेजा ने 12 लाख से ज्यादा इकाइयां बेचकर खुद को भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के रूप में स्थापित किया है। उल्लेखनीय रूप से, हमारे 36 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक पहली बार कार खरीद रहे हैं, जो युवा महत्वाकांक्षी भारतीयों के बीच ब्रेजा की मजबूत अपील को बताता है।'

# शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स 1,235 अंक टूटकर सात महीने के निचले स्तर पर



**मुंबई :** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही दुनिया में व्यापार युद्ध गहराने की आशंका और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को धड़ाम हो गए। व्यापक बिकवाली से सेंसेक्स 1,235 अंकों का गोता लगाते हुए सात महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। इस चौतरफा बिकवाली के बीच निवेशकों ने एक ही दिन में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी गंवा दी। विश्लेषकों ने कहा कि ट्रंप के फैसलों को लेकर व्यापार जगत में व्याप्त आशंकाएं उनके शपथ लेने के साथ ही गहराने लगी हैं। इसके साथ दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से भी धारणा प्रभावित हुई। बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 75,838.36 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,431.57 अंक फिसलकर 75,641.87 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। यह छह जून, 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 367.9 अंक गिरकर 22,976.85 पर आ गया था। बड़े पैमाने पर बिकवाली होने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 7,52,520.34 करोड़ रुपये घटकर 4,24,07,205.81 करोड़ रुपये (4.90 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अस्थिरता हावी होने के बीच घरेलू बाजारों में काफी गिरावट देखी गई। ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के ही दिन पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा कर दी जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। नायर ने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजों में कमजोरी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट की वजह से भी संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) अधिक निकासी कर सकते हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो के शेयरों में सर्वाधिक 10.92 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के निवेशकों ने बिकवाली का रुख किया। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 86.58 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई : घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती लाभ गंवाते हुए 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर सूचकांक 109 के स्तर से कमजोर हुआ, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निकट भविष्य में कनाडा और मेक्सिको के खिलाफ शुल्क दर घोषित करने के कारण यह 108.66 पर वापस आ गया, लेकिन ट्रंप ने चीन के खिलाफ कोई भी शुल्क घोषित करने से बचाव किया।

### आय की घोषणा के बाद जोमैटो के शेयर में 11 प्रतिशत की गिरावट

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो के दिसंबर तिमाही के एकीकृत शुद्ध मुनाफे में 57.2 प्रतिशत की कमी के बाद मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 11 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी का शेयर बीएसई में 10.92 प्रतिशत गिरकर 214.65 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 25,380.41 करोड़ रुपये घटकर 2,07,144.78 करोड़ रुपये रह गया। एनएसई में गुरुग्राम मुख्यालय वाली जोमैटो के शेयर 10.16 प्रतिशत गिरकर 215.40 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। मात्रा के लिहाज से, एनएसई पर जोमैटो के 30.82 करोड़ इक्विटी शेयरों का कारोबार हुआ और बीएसई पर 1.76 करोड़ शेयरों का आदान-प्रदान हुआ। इस बीच, स्विगी का शेयर भी आठ प्रतिशत से अधिक टूट गया। स्विगी का शेयर बीएसई में 8.08 प्रतिशत गिरकर 440.30 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 8.01 प्रतिशत गिरकर 440.80 रुपये पर बंद हुआ।

### सरकार ने हीरा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की, एक अप्रैल से होगी लागू

**नयी दिल्ली :** सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्य संवर्धन के लिए मंगलवार को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन' योजना शुरू की। इसके तहत एक तय सीमा तक तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि हीरा उद्योग निर्यात में भारी गिरावट और श्रमिकों की नौकरी जाने का सामना कर रहा है। इस योजना की मदद से उद्योग को फिर से जीवंत करने की उम्मीद है। इसके तहत 10 प्रतिशत मूल्य संवर्धन के साथ निर्यात को अनिवार्य किया गया है। बयान में कहा गया, 'वाणिज्य विभाग ने 21 जनवरी को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारत के हीरा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।' वाणिज्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि दो-सितारा निर्यात घर का दर्जा रखने वाले और प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने वाले हीरा निर्यातक इस योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, 'यह योजना 25 कैरेट (25 सेंट) से कम वजन के प्राकृतिक कटे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देती है।' मंत्रालय ने साथ ही कहा कि यह योजना भारतीय हीरा निर्यातकों, विशेष रूप से एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को समान अवसर देने के लिए बनाई गई है।

## इस्पात, सीमेंट उद्योग कुछ लोगों के हाथों में, साठगांठ देश के लिए बड़ी समस्या: गडकरी



**मुंबई :** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि इस्पात और सीमेंट उद्योग के बीच 'साठगांठ' देश और इसके बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ी समस्या है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण इन दोनों क्षेत्रों में बहुत कम कंपनियां हैं और ये साठगांठ के साथ काम करती हैं। उन्होंने यहां आईसीईआरपी 2025 को संबोधित करते हुए कहा, 'इस्पात और सीमेंट उद्योग कुछ लोगों के हाथों में हैं। वे हमेशा दरें तय करते हैं। उनके बीच साठगांठ देश के लिए एक बड़ी समस्या है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फाइबर-प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) इस्पात और सीमेंट कंपनियों की पकड़ को तोड़ने के लिए एक अच्छा विकल्प बन सकती हैं। उन्होंने इसके लिए हर संभव मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा, 'वैकल्पिक सामग्री बनाने के लिए आपका समर्थन करने में मेरा काफी हित है।' गडकरी ने एफआरपी कंपनियों से अपनी कीमतें कम करने का आग्रह किया ताकि अंतिम लागत अन्य स्थापित विकल्पों की तुलना में 20-25 प्रतिशत कम हो। मंत्री ने कहा कि एफआरपी का उपयोग बुनियादी ढांचे, विमानन, शिपिंग, सड़क निर्माण और मेट्रो रेल जैसे कई क्षेत्रों में किया जा सकता है। उन्होंने एफआरपी उद्योग के प्रतिभागियों से कहा कि यदि आप इस्पात की तुलना में दर को 20-25 प्रतिशत कम कर सकते हैं, तो यह देश के लिए वास्तव में अच्छी बात हो सकती है।

## टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक ब्रांड फाइनेंस की शीर्ष आईटी सेवा ब्रांड सूची में शामिल

**नयी दिल्ली :** टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो तथा टेक महिंद्रा सहित भारत की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियां ब्रांड फाइनेंस की सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड रैंकिंग की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही हैं। अमेरिका सूची के कुल ब्रांड मूल्य में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है। वहीं भारत ने तालिका के सामूहिक ब्रांड मूल्य में 36 प्रतिशत का योगदान देकर दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रतिष्ठित सूची में एक्सेंचर ने लगातार सातवें वर्ष विश्व के सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड का स्थान हासिल किया। साथ ही सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड का खिताब भी अपने नाम किया। टीसीएस (ब्रांड मूल्य 11 प्रतिशत बढ़कर 21.3 अरब अमेरिकी डॉलर) ने लगातार चौथे वर्ष विश्व के दूसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। ब्रांड फाइनेंस की विज्ञप्ति के अनुसार, एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) 2025 में दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आईटी सेवा ब्रांड के रूप में उभरी है। इन्फोसिस पिछले पांच वर्षों में आईटी सेवा ब्रांडों के बीच सबसे अधिक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (18.2 प्रतिशत) हासिल करने वाली कंपनी बनी है। इसमें कहा गया, 'भारत ने सूची के सामूहिक ब्रांड मूल्य में 36 प्रतिशत का योगदान देकर दूसरा स्थान हासिल किया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि ब्रांड मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।' यह उल्लेखनीय वृद्धि न केवल वैश्विक आईटी सेवा बाजार में भारत की प्रमुख भूमिका को उजागर करती है, बल्कि 2025 में निरंतर विस्तार के लिए इसकी तत्परता का भी संकेत देती है।

## कुछ कंपनियों ने आईपीओ कोष का काफी दुरुपयोग किया, निवेश बैंकर मौका न दें: सेबी प्रमुख

**मुंबई :** पूंजी बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि कुछ कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये जुटाई गई राशि के 'घोर दुरुपयोग' में लिप्त पाए जाने के बाद निवेश बैंकरों से ऐसी कंपनियों को पूंजी बाजार तक पहुंच देने से परहेज करने को कहा गया है। बुच ने कहा कि 'एजेंट कृत्रिम मेधा' शब्दावली के ईजाद से पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आईपीओ दस्तावेजों का त्वरित प्रसंस्करण करने के लिए उस अवधारणा पर आधारित एक टूल पर काम कर रहा था। बुच ने भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि निवेश बैंकरों को बखूबी पता होता है कि वे कब किसी 'पंप एंड डंप' कंपनी को बाजार में ला रहे हैं। उन्होंने कहा, आपको (निवेश बैंकरों को) खराब कंपनी को बाजार में नहीं लाना चाहिए। बुच ने कहा कि बैंकर को दी जाने वाली ऊंची फीस, या कंपनी में कम या बिल्कुल भी कर्मचारी न होना या बैंकरों का कंपनी की इकाइयों का दौरा न करना जैसे संकेत हैं जो निर्गम के पीछे की मंशा और इसे 'पंप एंड डंप' निर्गम होने के बारे में इशारा करते हैं। उन्होंने एसएमई बोर्ड के संदर्भ में कहा कि 'पंप एंड डंप' निर्गम के मामले में आईपीओ में उच्च भागीदारी होने से शेयर के भाव बढ़ जाते हैं और प्रवर्तक आमतौर पर जल्द पैसा कमाने के लिए शेयर बेच देते हैं। इसके साथ ही बाजार नियामक प्रमुख ने कहा कि सेबी ने कुछ कंपनियों द्वारा आईपीओ से जुटाई गई राशि का 'घोर दुरुपयोग' भी पाया है। उन्होंने बताया कि कई बार विदेशी बाजारों में इस कोष को भेज दिया जाता है और उसके लिए सॉफ्टवेयर या ऐप जैसी अमूर्त वस्तुओं के अधिग्रहण या खरीद का दिखावा किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### टी20 से चैम्पियंस ट्रॉफी की इंग्लैंड की तैयारी बाधित नहीं होंगी : बटलर

**कोलकाता :** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को यकीन है कि भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी की उनकी तैयारियों पर असर नहीं पड़ेगा और उन्होंने नये मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ भी इस दौरे पर तालमेल बनाने की उम्मीद जताई। वनडे प्रारूप में चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से पहले भारत के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगी। बटलर ने ईडन गार्डन पर होने वाले पहले वनडे से पूर्व कहा, 'यह एक बेहतरीन टीम के खिलाफ शानदार श्रृंखला होगी। मैं इस समय शेड्यूल को लेकर चिंतित नहीं हूं। मैं बस खेलना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक टी20 श्रृंखला होगी। कुछ वनडे भी खेलने हैं तो मुझे इन मैचों का इंतजार है।'

### अंडर 19 विश्व कप : वैष्णवी के हैट्रिक समेत रिकॉर्ड पांच विकेट, भारत ने मलेशिया को दस विकेट से हराया

**कुआलालंपुर :** पदार्पण कर रही बायें हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी अंडर 19 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाते हुए हैट्रिक समेत पांच रन देकर पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया। वैष्णवी और बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ तोड़ दी और पूरी टीम 14.3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई। भारत ने 2.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाये। भारत अब चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। श्रीलंका के भी चार अंक है लेकिन भारत का रन औसत (प्लस 9.1) श्रीलंका (प्लस 5.5) से बेहतर है। पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए वैष्णवी ने मलेशिया को एक के बाद एक झटके दिये।

# आज इंग्लैंड के खिलाफ नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया, शमी की वापसी पर फोकस



**कोलकाता :** फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिये थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बायें घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिये रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिये। शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था।

### हमारी टीम में कई कप्तान है, हार्दिक नेतृत्व समूह का हिस्सा है: सूर्यकुमार



**कोलकाता :** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाये जाने के बावजूद हार्दिक पंड्या नेतृत्व समूह का हिस्सा बने हुए हैं। पिछले साल टी20 से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन नये कोच गौतम गंभीर के आने के बाद सूर्यकुमार को यह जिम्मेदारी दी गई। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले हार्दिक को उप-कप्तान पद से हटा दिया गया और अक्षर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हार्दिक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हैं जबकि सूर्यकुमार उस टीम के अहम सदस्य हैं। सूर्यकुमार ने जोर देकर कहा कि वह अपने आईपीएल कप्तान के साथ मजबूत रिश्ता साझा करना जारी रखेंगे और हार्दिक भारतीय टी20 टीम के नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। सूर्यकुमार ने ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता वास्तव में बहुत अच्छा रहा है। हम बहुत लंबे समय से खेल रहे हैं।' भारतीय टी20 कप्तान ने कहा, 'मुझे अभी भी 2018 याद है जब मैं मुंबई इंडियंस से जुड़ा था और आज तक उस टीम का हिस्सा हूं। यह (भारतीय टीम की कप्तानी) सिर्फ अतिरिक्त जिम्मेदारी है जो मुझे मिली है।' उन्होंने कहा, 'हम मैदान के बाहर और अंदर अच्छे दोस्त है। जब हम फ्रेंचाइजी क्रिकेट में वापस जाते हैं, तो यह (कप्तानी) उसके पास आ जाती है, इसलिए मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। हम जानते हैं कि हम टीम के साथ आगे क्या चाहते हैं।'

### मंधाना एक स्थान के सुधार के साथ आईसीसी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंची



**दुबई :** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। बायें हाथ की यह सलामी बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय है। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 135 रन बनाने से पहले शुरुआती दो मैचों में 41 और 73 रन की उपयोगी पारियां खेली थी। इस 28 साल की खिलाड़ी के नाम 738 रेटिंग अंक है। रैंकिग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्र्ट (773 अंक) शीर्ष पर हैं। श्रीलंका की दिग्गज खिलाड़ी चमारी अटापट्टू (733) तीसरे स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स दो स्थान की सुधार के साथ 17वें स्थान पर हैं जबकि चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर रही कप्तान हरमनप्रीत कौर 15वें स्थान पर हैं।

### भारत ने इंग्लैंड को हराकर दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी जीती



**कोलंबो :** योगेन्द्र भदोरिया के आक्रामक अर्धशतक और राधिका प्रसाद के चार विकेट की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां इंग्लैंड को 79 रन से हराकर शारीरिक दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी जीती। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 197 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर इंग्लैंड को 118 रन पर आउट कर दिया। भदोरिया ने खिताबी मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 40 गेंदों पर 182.50 के स्ट्राइक रेट से 73 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल हैं। इसके बाद गेंदबाजी में प्रसाद ने मोर्चा संभाला और 3.2 ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए। कप्तान विक्रांत केनी ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो और रवींद्र सैंटे ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। केनी ने मैच के बाद कहा, 'दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी में इस अविश्वसनीय टीम की अगुवाई करना और उसे जीत दिलाना मेरे करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। प्लेऑफ से लेकर फाइनल तक इस टीम ने अपनी प्रतिभा और जज्बे का शानदार नमूना पेश किया।' उन्होंने कहा, 'प्रत्येक खिलाड़ी ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## न्यूज अपडेट

### आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की



लुसाने : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 30 जनवरी से लुसाने में होने वाले विशेष सत्र से पहले आइओसी के प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की। क्रिकेट को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आईसीसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर दोनों प्रमुख प्रशासकों की बैठक की तस्वीरें पोस्ट की। आईसीसी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के बाद भी क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयास जारी हैं। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की।' शाह को पिछले साल आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया था तथा उन्होंने एक दिसंबर को पदभार ग्रहण किया था। वह क्रिकेट को ओलंपिक में नियमित खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयासरत हैं। शाह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ब्रिस्बेन में थे जहां उन्होंने 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति के प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले से मुलाकात की, ताकि उन्हें ओलंपिक 2032 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए राजी किया जा सके।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में, आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे कीतुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।




वर्ष 9, पूर्णांक 4127 अंक 277, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in